वर्ष : 48 अंक 235
जौनपुर, गुरुवार
11 जून 2026
तापमान
अधिकतम / न्यूनतम
34°C | 28°C

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# तरुणमित्र
श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

मूल्य 3.00 रुपये पृष्ठ-8 | जौनपुर, अयोध्या, लखनऊ, पटना (बिहार), ठाणे (महाराष्ट्र), भोपाल (मप्र) से प्रकाशित | www.tarunmitra.in













# रोडवेज बस-ट्रक की टक्कर में 17 लोग घायल

## ❖ बहराइच-सीतापुर हाईवे पर हुआ हादसा, दो की हालत गंभीर

**बहराइच, 10 जून।** बहराइच-सीतापुर हाईवे पर मंगलवार की मध्य रात्रि रोडवेज बस व ट्रक की आमने-सामने टक्कर हो गई। भीषण सड़क हादसे में 17 लोग घायल हो गए जिसमें दो की हालत नाजुक बताई जा रही है। सूचना पाकर एसपी विश्वजीत श्रीवास्तव व एएसपी दुर्गा प्रसाद तिवारी ने मौके पर पहुंच घटना का जायजा लिया।



रुपईडीहा डिपो की बस सीतापुर से सवारियों को लेकर जिला मुख्यालय जा रहीं थी। गदामार खुर्द गांव के निकट विपरीत दिशा से आ रहे भूसी लदे ट्रक से आमने-सामने भिड़ंत हो गई। बस में तकरीबन 35 लोग सवार थे। बस और ट्रक की टक्कर में घायल लोग खैरीघाट थाना के इमामगंज निवासी 43 वर्षीय पप्पू, बक्शीपुरा निवासी 32 वर्षीय प्रीती मिश्रा, 20 वर्षीय हर्षित मिश्र, 9 वर्षीय अंश मिश्र, 38 वर्षीय महेंद्र सूफीपूरा निवासी 60 वर्षीय निर्मला, विशेश्वरगंज थाना के मर्दानगर निवासी 32 वर्षीय आदित्य दूबे, 32 वर्षीय आदित्य नारायण, रूपईडीहा थाना के भवनियापुर निवासी 25 वर्षीय गौरव सिंह फखरपुर थाना के मरौचा निवासी 25 वर्षीय लवलेश हरदी थाना के कोलैला निवासी 45 वर्षीय राकेश, गोंडा जिले के आनंदनगर निवासी 21 वर्षीय सत्यदेव सीतापुर जिले के चक्करपुरवा मानपुर निवासी 20 वर्षीय व श्रावस्ती जिले के इकौना निवासी 65 वर्षीय प्यारेलाल मिश्र 60 वर्षीय आराधना मिश्रा लक्ष्मनपुर निवासी 55 वर्षीय बेचन घायल हो गए। हादसे में ट्रक का खलासी व बस में आगे बैठी सवारियां फंस गई। जिन्हें मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया। सभी घायलों को उपचार के लिए सीएचसी रमपुरवा भेजा गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने पप्पू, सत्यदेव, लवलेश, बेचैन, राकेश, महेंद्र, प्रमोद व निर्मल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। गंभीर हालत देख चिकित्सकों ने दो घायलों को लखनऊ रेफर कर दिया।

हादसे के बाद पुलिस का मानवीय चेहरा सामने आया। एसओ आलोक सिंह ने पुलिस टीम संग तत्परता दिखाते हुए ग्रामीणों की मदद से घायलों को बाहर निकाला। गंभीर रूप से घायल को गोद में उठाकर एंबुलेंस तक पहुंचाया। हादसे के बाद दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई। तकरीबन दो घंटे की मशक्कत के बाद आवागमन शुरू हो सका।

# मस्जिद में किशोरी से दुष्कर्म करने का आरोपित इमाम मुठभेड़ में गिरफ्तार

## फिरोजाबाद पुलिस की गोली से हुआ घायल

**फिरोजाबाद, 10 जून।** रामगढ़ की एक मस्जिद में सोमवार दोपहर उर्दू पढ़ने आई 14 वर्षीय किशोरी से दुष्कर्म करने के आरोपित इमाम जाकिर हुसैन को थाना रामगढ़ पुलिस ने बुधवार सुबह नौ बजे मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ ममता डिग्री कालेज के पास हुई। पुलिस के अनुसार खुद को घिरता देख उसने टीम पर तमंचे से फायरिंग की। जवाबी कार्रवाई में पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। उसे सरकारी ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है।



**सोमवार दोपहर में हुई थी घटना:** घटना रामगढ़ स्थित जन्नती मस्जिद में दोपहर डेढ़ बजे की बताई गई है। रामगढ़ में रहने वाली 14 वर्षीय किशोरी वहां पढ़ने गई थी। स्वजन के अनुसार पढ़ाई समाप्त होने के बाद अन्य बच्चे चले गए तो इमाम जाकिर ने उससे पीने के लिए पानी मंगाया। वह पानी लेकर गई तभी उसे अपने कमरे में खींच लिया और उसके साथ दुष्कर्म किया था।

**रोते हुए निकली किशोरी:** किसी तरह किशोरी ने अपने आप को छुड़ाया और रोते हुए बाहर निकली, जिससे आसपास के लोग एकत्र हो गए। किशोरी ने घर जाकर अपनी मां को पूरी बात बताई तो स्वजन और मुहल्ले के लोग मस्जिद पर पहुंच गए। मां की सूचना पर पुलिस भी आ गई। तब तक आरोपित भाग गया था।

# यूपी पंचायत चुनाव के लिए अंतिम मतदाता सूची जारी

## ❖ इस बार मतदाताओं को दी गई नौ अंकों की विशिष्ट पहचान संख्या

**लखनऊ, 10 जून।** राज्य निर्वाचन आयोग ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन बुधवार को कर दिया है। जिलों में जिला स्तर पर मतदाता सूची प्रकाशित की गई है। आयोग ने 23 दिसंबर को अनंतिम मतदाता सूची जारी की थी, जिसमें 12.69 करोड़ मतदाता दर्ज किए गए थे। आयोग ने जिला स्तर पर मतदाता सूची प्रकाशित कर दी है।




उत्तर प्रदेश पंचायत चुनाव के लिए राज्य निर्वाचन आयोग ने जिला स्तर पर अंतिम मतदाता सूची जारी कर दी है। जिला स्तर पर मतदाता सूची प्रकाशित की गई है। पंचायत चुनाव की मतदाता सूची हर जिले में डीएम जारी कर रहे हैं। राज्य निर्वाचन आयोग आंकड़े कंपाइल करेगा।

दावे और आपत्तियों के निस्तारण के बाद सूची को अंतिम रूप दिया गया है। इस बार मतदाताओं को नौ अंकों का नया स्टेट वोटर नंबर भी दिया गया है, जिससे पहचान और चुनावी प्रबंधन की प्रक्रिया अधिक व्यवस्थित होगी। अंतिम मतदाता सूची जारी होने के बाद पंचायत चुनाव की अधिसूचना और चुनाव कार्यक्रम को लेकर गतिविधियां तेज होने की संभावना है।

बीते दिनों पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान लगभग 1.41 करोड़ मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं, जबकि 40.19 लाख नए मतदाताओं को सूची में शामिल किया गया है। अंतिम मतदाता सूची जारी होने के बाद तकनीकी कारणों से इसे डाउनलोड करने में कुछ दिक्कतें सामने आ रही हैं। संबंधित विभाग समस्या के समाधान के प्रयास में लगा है।

बीते दिसंबर में जारी अनंतिम मतदाता सूची में मतदाताओं की संख्या पिछले पंचायत चुनाव की तुलना में 40.19 लाख अधिक थी। अंतिम मतदाता सूची तैयार करने में आयोग को कुल 169 दिन लगे और हाई कोर्ट ने भी पिछले दिनों आयोग से पंचायत चुनाव समय पर न होने पर नाराजगी जताते हुए पूछा था कि चुनाव कब होंगे। कोर्ट ने इसकी तारीख भी मांगी थी। ऐसे में अब पंचायत चुनाव की तैयारियां तेज होने की उम्मीद है।

# आज से बदलेगा मौसम, दिल्ली-यूपी-बिहार में आंधी-तूफान बारिश

**नई दिल्ली, 10 जून।** गर्मी की वजह से लोगों को बुरा हाल है। दिल्ली में अधिकतम तापमान 42-44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। हरियाणा, पंजाब, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और राजस्थान में 11 जून तक हीटवेव की चेतावनी जारी की है। आईएमडी के अनुसार, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में भी हीटवेव जैसे हालात हैं। गर्मी के इस लंबे दौर के बाद, आंधी-तूफान आने पर तापमान में भारी गिरावट आएगी।

**उत्तर भारत में आंधी तूफान और ओला वृष्टि:** 11 जून के दिल्ली के आसपास के राज्यों में आंधी-तूफान, बिजली कड़कने, धूल भरी आंधी और 70 किलो मीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलेंगी। हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड. जम्मू-कश्मीर, पंजाब और हरियाणा में ओलावृष्टि की संभावना है, जिससे पहाड़ी इलाकों और तीर्थ यात्राओं पर आवाजाही में बाधा आ सकती है। आईएमडी ने शहरी इलाकों में जलभराव और बाहरी गतिविधियों के लिए जोखिम जैसे खतरनाक हालात को लेकर अलर्ट जारी किया है।

**वेस्टर्न डिस्टर्बेंस से बारिश का दौर जारी रहेगा:** 11 जून को पश्चिनी हिमालयी क्षेत्र में पहुंचने वाला एक नया वेस्टर्न डिस्टर्बेंस दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में कम से कम 14 जून तक बड़े पैमाने पर बारिश लाएगा। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में भी कहीं-कहीं बारिश का अनुमान है। इस दौरान बिजली कड़कने और तेज हवाओं के साथ आंधी-तूफान मुख्य खतरा बने रहेंगे।

# केरलम में महिलाओं के लिए 15 जून से फ्री बस यात्रा, पहली कैबिनेट बैठक में मंजूरी

**नई दिल्ली, 10 जून।** केरलम कैबिनेट ने शुरुआती तौर पर KSRTC की साधारण बसों में महिलाओं को मुफ्त यात्रा की सुविधा देने का फैसला किया है। केरलम के मुख्यमंत्री वीडी सतीसन ने बुधवार को कहा कि कैबिनेट ने यह फैसला किया है कि इंदिरा गारंटी योजना के तहत महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा की यह सुविधा शुरुआती तौर पर 15 जून से KSRTC की साधारण बसों में उपलब्ध होगी। अपनी अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट बैठक के बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में सतीसन ने कहा कि प्रियदर्शिनी नामक इस सुविधा के मौजूदा स्वरूप से KSRTC पर हर महीने 60 करोड़ रुपये से अधिक और सालाना लगभग 800 करोड़ रुपये का खर्च आएगा।



उन्होंने आगे स्पष्ट किया कि यह सुविधा हर उम्र और वर्ग की महिलाओं के लिए उपलब्ध होगी, चाहे उनकी आर्थिक स्थिति कुछ भी हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब केरलम राज्य सड़क परिवहन निगम (KSRTC) की आमदनी बढ़ने से इसकी आर्थिक स्थिति बेहतर हो जाएगी, तब अन्य श्रेणी की बसों में भी यह सुविधा प्रदान करने पर विचार किया जाएगा।

# कांग्रेस में विलय को तैयार हो गईं ममता बनर्जी

## भतीजे अभिषेक ने मांग लिया खरगे वाला पद

**कोलकाता, 10 जून।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में करारी हार



झेलने के बाद तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) में बड़ी टूट हुई है। न सिर्फ करीब 60 विधायक ममता बनर्जी से अलग हो गए, बल्कि 20 से ज्यादा सांसदों ने भी बगावत दिखा दी है। इस टूट से परेशान ममता बनर्जी को सोनिया गांधी ने विलय का ऑफर दिया था, जिसे वह मानने को तैयार हो गई हैं। एबीपी न्यूज ने सूत्रों के हवाले से बताया है कि ममता बनर्जी तो टीएमसी का कांग्रेस में विलय करने के लिए तैयार हैं, लेकिन उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी ने राहुल गांधी के साथ बैठक में मल्लिकार्जुन खरगे वाला पद मांग लिया। उन्होंने कहा है कि ममता बनर्जी को कांग्रेस राज्यसभा भेजे और वहां नेता विपक्ष का पद भी दे। अभी राज्यसभा में नेता विपक्ष का पद कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे के पास है।


**आवश्यकता है**

भारती विद्या मन्दिर जूनियर हाईस्कूल अहियापुर, जौनपुर को चार सहायक अध्यापक/अध्यापिकाओं की, जो विज्ञान, गणित, अंग्रेजी एवं कम्प्यूटर पढ़ा सकें। सम्पर्क करें-

-प्रबन्धक
9452984488


# टीएमसी की राज्यसभा सांसद सुष्मिता देव ने दिया इस्तीफा, हिमंता बिस्वा सरमा से की मुलाकात

**नई दिल्ली, 10 जून।** तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष ममता बनर्जी पर इन दिनों संकट के बादल छाए हुए हैं। ताजा घटनाक्रम में एक और राज्यसभा सांसद सुष्मिता देव ने पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। इस हफ्ते पार्टी से इस्तीफा देने वालीं वे दूसरी राज्यसभा सांसद हैं। सूत्रों के मुताबिक, सुष्मिता देव ने बुधवार सुबह राज्यसभा के सभापति (उपराष्ट्रपति) से मुलाकात कर उन्हें अपना आधिकारिक त्यागपत्र सौंप दिया। संसदीय पद छोड़ने के साथ ही सुष्मिता ने असम में तृणमूल कांग्रेस के सांगठनिक ढांचे को भी बड़ा झटका दिया है। उन्होंने असम टीएमसी के अध्यक्ष और सभी सांगठनिक पदों से इस्तीफा दे दिया है।



**कांग्रेस छोड़ टीएमसी में हुई थीं शामिल:** कांग्रेस छोड़कर आईं 53 वर्षीय नेता 2021 में तृणमूल में शामिल हुईं और उन्होंने जनसेवा का नया अध्याय शुरू करने की बात कही थी। सूत्रों के मुताबिक, वह अब बीजेपी में शामिल हो सकती हैं। इस बात अटकलें इसलिए भी लगाई जा रही हैं क्योंकि इस्तीफा देने के बाद उन्होंने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा से मुलाकात की है।

**कौन हैं सुष्मिता देव ?:** सुष्मिता देव असम कांग्रेस के दिग्गज नेता और प्रभावशाली बंगाली नेता संतोष मोहन देव की बेटी हैं। वह कांग्रेस की महिला शाखा 'ऑल इंडिया महिला कांग्रेस' की प्रमुख भी रह चुकी हैं। वह पहले असम के सिलचर से सांसद रह चुकी थीं, जो उनके पिता का गढ़ था। इससे पहले सोमवार को राज्यसभा सदस्य सुखेंदु शेखर रे ने टीएमसी से इस्तीफे की घोषणा की थी। एक बयान में रे ने तृणमूल और बंगाल में उसकी 15 साल की सरकार पर भी तीखा हमला किया।




## हत्या की आशंका, पुलिस जांच में जुटी

# संदिग्ध अवस्था में युवक की मिली लाश

**तरूणमित्र न्यूज**

**मीरजापुर।** लालगंज थाना क्षेत्र के लहंगपुर पुलिस चौकी अंतर्गत गंगहरा खुर्द माईनर के पास बुधवार की सुबह संदिग्ध स्थिति में 21 वर्षीय युवक का शव मिलने की सूचना मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फ़ैल गई। युवक के शरीर पर चोट व जलने का निशान से प्रथम दृष्टया बिजली करंट से मौत होना दिखाई दे रहा है। युवक छः बहनों के बीच एकलौता भाई था। स्वजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई।

मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक अभय कुमार सिंह, लहंगपुर चौकी प्रभारी सुजीत कुमार सेठ के साथ फॉरेंसिक टीम जांच पड़ताल में जुट गई। लहंगपुर निवासी सूर्यबली का इकलौता पुत्र 21 वर्षीय किशन कुमार का शव गंगहरा खुर्द गांव में स्थित पावर हाउस और नहर के पास पड़ा मिला है। बुधवार को सुबह शौच के लिए गए युवक के चाचा रामनरेश ने शव देखकर स्वजनों को सूचित किया। इकलौती बेटे की मौत की खबर मिलते ही घर में कोहराम मच गया


शव मिलने के बाद जांच करती पुलिस

और पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई, स्वजनों ने बताया कि किशन लहंगपुर बाजार में स्थित एक कपड़े की दुकान में काम करता था, मंगलवार की रात 9:30 बजे घर आया था।

उसके बाद घर से बाहर गया और वापस नहीं लौटा। स्वजन देर रात तक इधर-उधर पता लगाया लेकिन कहीं पता नहीं चला, उसी बीच आंधी तुफान और वर्षात होने लगी। सुबह किशन मृत अवस्था में मिले। मृतक के पैर में बिजली के करंट से जला हुआ दिखाई दिया और सिर और पीठ में चोट के निशान हैं। मृतक के चाचा रामनरेश की तहरीर पर पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। मौके पर पहुंचे एडिशनल एसपी आपरेशन राजकुमार मीणा व पुलिस क्षेत्राधिकारी अमर बहादुर ने घटनास्थल का मौका मुहाना किया और स्वजनों से बात की। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अभय कुमार सिंह ने बताया कि बिजली करंट से मौत हुई है पोस्टमार्टम के लिए शव भेजा गया है, रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत की स्थिति स्पष्ट होगी तो आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस क्षेत्राधिकारी अमर बहादुर ने बताया कि पैर में इलेट्रीक शार्ट से 24 वर्षीय युवक की मृत्यु प्रतीत हो रही है। पंचनामा के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। युवक शांत स्वभाव का था उसका किसी से कोई विवाद नहीं था।

## लोजपा मंडल सचिव डॉ. ओमशंकर समेत कई लोगों ने थामा रालोद का दामन

**सोनभद्र।** राष्ट्रीय लोक दल के जिला कार्यालय, सोनभद्र में आयोजित सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम में लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के मिर्जापुर मंडल सचिव डॉ. ओम शंकर तिवारी ने अपने समर्थकों के साथ राष्ट्रीय लोक दल की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी की सदस्यता राष्ट्रीय लोक दल के जिलाध्यक्ष श्रीकांत त्रिपाठी ने ग्रहण कराई तथा सभी नवागंतुक सदस्यों का पार्टी में स्वागत किया। सदस्यता ग्रहण करने वालों में संतोष खरवार, संजू यादव, संतोष यादव, आनंद कुमार त्रिपाठी, पंकज शुक्ला एवं शुभम चतुर्वेदी प्रमुख रूप से शामिल रहे।

इस अवसर पर डॉ. ओम शंकर तिवारी एवं उनके साथियों ने कहा कि वे पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के किसान, मजदूर एवं ग्रामीण भारत के उत्थान हेतु किए गए कार्यों तथा उनके सिद्धांतों से प्रेरित हैं। साथ ही पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी अजित सिंह एवं राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह द्वारा किसानों, युवाओं और वंचित वर्गों के हित में किए जा रहे कार्यों से प्रभावित होकर राष्ट्रीय लोक दल में शामिल हुए हैं। उन्होंने संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने एवं पार्टी को मजबूत बनाने का संकल्प व्यक्त किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष श्रीकांत त्रिपाठी ने कहा कि राष्ट्रीय लोक दल किसानों, युवाओं, मजदूरों तथा समाज के सभी वर्गों के हितों के लिए निरंतर संघर्षरत है। पार्टी की जनहितकारी नीतियों एवं नेतृत्व की सकारात्मक सोच के कारण विभिन्न दलों एवं सामाजिक संगठनों से लोग लगातार राष्ट्रीय लोक दल से जुड़ रहे हैं।

## एनसीएल के मेगा समर कैंप-आरोहण का हुआ समापन

# प्रतिभाओं का आरोहण, 13 विधाओं में निखरे 4700 से अधिक बच्चे

**सोनभद्र।** बुधवार को सिंगरौली स्थित कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनी नॉर्दर्न कोलफ़ील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) द्वारा आयोजित मेगा समर कैंप-आरोहण का समापन हुआ। एनसीएल की सभी परियोजनाओं में कैंप स्थल पर समापन समारोह का आयोजन किया गया। समापन समारोह के दौरान परियोजनाओं में क्षेत्रीय महाप्रबंधकगण, श्रमिक संघ प्रतिनिधि, स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड मेंबर्स, अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में बच्चे उपस्थित रहे।

एनसीएल मुख्यालय में आयोजित समारोह के दौरान महाप्रबंधक (मानव संसाधन/कल्याण) राजेश त्रिवेदी, मुख्यालय स्तरीय श्रमिक संघ प्रतिनिधि, स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड मेंबर्स एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारी तथा स्थानीय जन उपस्थित रहे।

इस दौरान अपने उद्बोधन में राजेश त्रिवेदी ने प्रतिभागी बच्चों को बधाई दी एवं कहा कि एनसीएल ने बच्चों में प्रतिभा का बीज बो दिया है और अब अभिभावकों का दायित्व है कि वे उनके इस हुनर को जिंदा रखें और उन्हें आगे बढ़ने के अवसर दें। साथ ही उन्होंने कहा कि हर बच्चे में एक अनूठी प्रतिभा होती है, जिसे बस सही मंच मिलने की देरी होती है, एनसीएल ने आरोहण के रूप में बच्चों को वही मंच देने का एक छोटा सा प्रयास किया है।

अंत में श्री त्रिवेदी ने आरोहण समर कैंप के प्रशिक्षकों को बच्चों को प्रशिक्षण देने के लिए सादर धन्यवाद दिया तथा एनसीएल कल्याण विभाग की पूरी टीम की भी सराहना की, जिनके अथक प्रयासों और कुशल प्रबंधन से आरोहण 2026 का यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चमकने वाले आरोहण प्रतिभागियों का हुआ सम्मान

समापन समारोह के दौरान राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेलों में विजेता खिताब हासिल कर चुके आरोहण के विभिन्न संस्करणों के खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इसके अलावा उपस्थित बच्चों ने कैंप के दौरान सीखे गए विभिन्न खेलों और सांस्कृतिक विधाओं का शानदार प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

इस वर्ष 21 मई से शुरू हुए इस ग्रीष्मकालीन शिविर में 6 से 14 वर्ष के आयु वर्ग के 4718 बच्चों ने भाग लिया। कैंप के दौरान योग्य और अनुभवी प्रशिक्षकों की देखरेख में बच्चों को कुल 13 अलग-अलग विधाओं में पारंगत किया गया। शिविर के आंकड़ों के अनुसार, सबसे अधिक जुड़ाव एथलेटिक्स में देखा गया जहां 1323 बच्चों ने हिस्सा लिया। इसके अलावा फुटबॉल में 632, डांस और म्यूजिक में 623, बैडमिंटन में 497, कबड्डी में 235, स्विमिंग में 234, आर्ट्स एंड क्राफ्ट में 219, वॉलीबॉल में 173, स्केटिंग में 114, जूडो-कराटे में 122, क्रिकेट में 515, टेबलटेनिस में 20 और बास्केटबाल में 11 प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। आरोहण समर कैंप के समापन समारोह के दौरान उपस्थित सभी ने स्वच्छता शपथ ली एवं अपने आस-पास के परिसर को साफ सुथरा रखने, कचरा कूड़ेदान में डालने और एकल उपयोग प्लास्टिक का प्रयोग न करने का संकल्प लिया।

# 1482.75 मीट्रिक टन यूरिया आवंटित, किसानों को समय से खाद उपलब्ध कराने के निर्देश

**सोनभद्र।** जनपद के समस्त किसान बंधुओं को सूचित किया जाता है कि खरीफ अभियान-2026 में यूरिया उर्वरक की बढ़ती मांग को दृष्टिगत रखते हुए जिला स्तरीय उर्वरक निगरानी समिति की संस्तुति के उपरांत जनपद सोनभद्र की 63 बी-पैक्स, 10 अन्य सहकारी समितियों तथा इफको की 13 फ्रेंचाइजी केंद्रों हेतु कुल 1482.750 मीट्रिक टन यूरिया उर्वरक के आवंटन को जिलाधिकारी चर्चित गौड़ द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है। आवंटन के सापेक्ष पीसीएफ द्वारा संबंधित सहकारी समितियों एवं उर्वरक बिक्री केंद्रों पर उर्वरक प्रेषण की कार्यवाही की जा रही है।

जिलाधिकारी चर्चित गौड़ की अध्यक्षता में कृषि एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में उर्वरक वितरण व्यवस्था की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि किसानों को निर्धारित मूल्य पर पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराया जाए तथा वितरण व्यवस्था की प्रतिदिन निगरानी कर प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। उन्होंने कहा कि शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता किसानों को कृषि कार्यों के दौरान किसी प्रकार की समस्या से बचाना है। खरीफ फसल की रोपाई के समय उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूरी कर ली जाएं तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर संबंधित दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए।

कृषक बंधुओं से अपील की जाती है कि वे अपने निकटतम सहकारी समिति अथवा उर्वरक केंद्र से संपर्क कर उर्वरकों की उपलब्धता की जानकारी प्राप्त करें तथा निर्धारित मूल्य पर ही उर्वरक क्रय करें। यदि कहीं भी कालाबाजारी, ओवररेटिंग अथवा कृत्रिम अभाव की सूचना प्राप्त होती है तो इसकी जानकारी तत्काल सहकारिता विभाग के कंट्रोल रूम के मोबाइल नंबर 9198788248, 9451637073 अथवा जिला कृषि अधिकारी कार्यालय के मोबाइल नंबर 9452165778 एवं अपर जिला कृषि अधिकारी के मोबाइल नंबर 8881173660 पर दें, ताकि त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। बैठक में जिला कृषि अधिकारी वीरेंद्र कुमार, एडीसीओ कोऑपरेटिव सुरेश कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना अन्तर्गत मत्स्य पालक करें आवेदन

**सोनभद्र।** सहाय निदेशक मत्सय ने अवगत कराया है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में मत्स्य विभाग के अन्तर्गत मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना निषादराज बोट सब्सिडी योजना एवं सघन मत्स्य पालन हेतु एरेशन सिस्टम की स्थापना योजना हेतु अर्ह कोई मत्स्य पालकों एवं मछुआरा समुदाय के व्यक्तियों को अच्छादि करने के लिए आनलाइन आवेदन प्राप्त करने हेतु विभागीय पोर्टल 8 जून से खोला गया है आवेदन करने की अन्तिम तिथि 28 जून 2026 है योजनान्तर्गत परियोजना का विवरण इकाई लागत आवेदन करने की प्रक्रिया आवेदन के साथ संलग्न किये जाने वाले अभिलेख व विस्तृत विवरण व विज्ञापन विभागीय पोर्टल पर देखा जा सकता है। इसके अतिरिक्त अधिक जानकारी हेतु कार्यालय सहायक निदेशक मत्स्य द्वितीय तल विकास भवन सोनभद्र पर सम्पर्क कर सकते है।

## गिरिजा पूजन के बीच फुलवारी में हुए राम-सीता के प्रथम दर्शन

**मीरजापुर।** सिद्धेश्वर महादेव मंदिर परिसर, दीवानपुर लालगंज में आयोजित सात दिवसीय रामकथा के तीसरे दिन बुधवार को कथावाचक धरम जी महाराज ने श्रीराम जन्मोत्सव और जनकपुर की फुलवारी का प्रसंग सुनाया। उन्होंने कहा कि अयोध्या में भगवान श्रीराम का अवतार धर्म, सत्य और मर्यादा की स्थापना के लिए हुआ जबकि जनकपुर की फुलवारी में राम और सीता का प्रथम मिलन विश्वास, संस्कार और पवित्र भावनाओं का प्रतीक है। कथावाचक ने कहा कि पुत्रेष्टि यज्ञ के उपरांत राजा दशरथ के यहां चारों भाइयों का जन्म हुआ। प्रभु के अवतरण से अयोध्या में उत्सव का वातावरण बन गया। देवताओं ने मंगलगान किया और पूरी नगरी आनंद में डूब गई। श्रीराम का जीवन त्याग, सेवा, कर्तव्य और लोकमंगल का संदेश देता है।जनकपुर की फुलवारी का प्रसंग सुनाते हुए धरम जी महाराज ने बताया कि माता सीता गिरिजा पूजन के लिए सखियों के साथ फुलवारी पहुंची थीं। वहीं गुरु विश्वामित्र के आदेश पर पुष्प लेने आए श्रीराम और लक्ष्मण भी वहां पहुंचे। फुलवारी में राम और सीता का प्रथम दर्शन हुआ।

# भजन संध्या सुनने व रासलीला देखने को उमड़ रही भीड़

## ■ वृंदावन से आई बाल कथा वाचिका धानी शास्त्री ने भागवत कथा का कराया रसपान

**तरूणमित्र न्यूज**

**सोनभद्र।** कसारी रामगढ़ स्थित भिखारी बाबा आश्रम परिसर में बुधवार को छठवें दिन विराट रुद्र महायज्ञ में पूजन अर्चन कराया गया। इसके साथ ही शिव मंदिर में दूध से रुद्राभिषेक पूजन भी कराया गया। वृंदावन से आई बाल कथा वाचिका धानी शास्त्री ने भागवत कथा का रसपान कराया। वहीं भजन संध्या में वाराणसी से आए राष्ट्रीय बाल कलाकार श्री राम कृष्ण, श्री राधा कृष्ण व श्री राधे कृष्ण ने एक से बढ़कर एक भजन, गीत व गजल सुनाया। वहीं वृंदावन से आए कलाकारों की रासलीला देखने को भारी संख्या में भीड़ उमड़ पड़ी। प्रकृति रक्षा के लिए 251 जड़ी बूटियों से निर्मित हवन सामग्री से आहुति दी गई। प्रतिदिन चलने वाले विशाल भंडारा में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।



कार्यक्रम के आयोजक भिक्षुक भिखारी जंगली दास दीनबंधु रमाशंकर गिरी जी महाराज ने बताया कि अयोध्या के महंत कमल नयन दास जी महाराज 12 जून को यज्ञ स्थल पर आएंगे और 13 जून को पूर्णाहुति के बाद जिन कन्याओं की शादी होगी उन कन्याओं को आशीर्वाद देकर जाएंगे। आचार्यगण गोपालधर द्विवेदी, राजेश कुमार पाठक, हरिओम द्विवेदी व अमरेश तिवारी द्वारा विराट रूद्र महायज्ञ एवं पूजन कार्य कराया जा रहा है। रॉबर्ट्सगंज से आए मुख्य यजमान संजय अग्रवाल उर्फ श्याम जी अग्रवाल व चांदनी अग्रवाल के साथ ही अन्य लोगों को दूध से रुद्राभिषेक पूजन कराया गया। प्रकृति रक्षा के लिए 251 जड़ी बूटियों से निर्मित हवन सामग्री से प्रतिदिन आहुति दी जा रही है। भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने यज्ञ मंडप की परिक्रमा की और जयकारे लगाए। इस दौरान समूचा यज्ञ स्थल जयकारे से गुंजायमान हो गया। प्रतिदिन चलने वाले विशाल भंडारा में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

कार्यक्रम में दिनेश, उषा देवी, रूप गुप्ता, देवेंद्र कुमार, चिंता मौर्य, उर्मिला देवी, विमला देवी, दाऊदयाल, विजय सिंह, मनीष कुमार, कृति सागर, शुभराम महाराज, परमानंद, रमेश कुमार, प्रहलाद, रामखेलावन, किरण मोदवाल,, शशि देवी, मानवी,कालो देवी, हीरा सिंह, संगीता, मुन्ना बाबा, राजेश, केवलानंद महाराज आदि मौजूद रहे।

## मां विंध्यवासिनी मंदिर के दानपात्र में लगी आग

**मीरजापुर।** विन्ध्य विकास परिषद के 18 नम्बर के दानपात्र में आग लगने पर ड्यूटी में तैनात पुलिस वालों ने आग पर पाया काबू.किसी श्रद्धालु के अगरबत्ती जलाएं जाने से लगी थी आग। उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जनपद के विंध्याचल धाम में स्थित विश्व प्रसिद्ध मां विंध्यवासिनी देवी के मंदिर में लगे दानपात्र में अचानक आग लग गई. आग लगने से दर्शन पूजन करने आए श्रद्धालुओं में अफरातफरी का माहौल हो गया। किसी तरह ड्यूटी में तैनात पुलिस वालों ने अग्नि सामान यंत्र से आग पर काबू पा लिया.बताया जा रहा मां विंध्यवासिनी मंदिर प्रांगण के निकास द्वार के नीचे सीढ़ी के पास लगे 18 नंबर दानपात्र में बुधवार को करीब 10:00 बजे सुबह के आसपास अचानक धुंआ निकलते देखा श्रद्धालुओं में हड़कंप मच गया। ड्यूटी में तैनात एसआई सुजीत कुमार पांडेय ने अपने सहयोगी सिपाही के साथ मौके पर अग्निशमन यंत्र ले जाकर समय रहते आग पर काबू पा लिया। सवाल उठता है कि मंदिर पर तैनात चप्पे चप्पे पर पुलिस वाले क्यों नही निगरानी करते लापरवाही के कारण आग लगी।

# विंध्याचल देवी धाम में नहीं संभल पा रही मां विंध्यवासिनी मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था

**मीरजापुर।** विख्यात देवी धाम विंध्याचल स्थित मां विंध्यवासिनी धाम को बनाने में मुख्यमंत्री योगी! आदित्यनाथ की सरकार करोड़ों रुपए खर्च कर रही है, लेकिन यहां पर पुलिस प्रशासन और जिला प्रशासन दोनों फेल नजर आ रहे हैं। विंध्याचल में कॉरिडोर इसलिए बनाया गया ताकि सकरी गलियों से यात्रियों को परेशानी हो रही थी, वह न हो, लेकिन यहां तो कॉरिडोर बनने के बाद पैदल आने जाने वाले यात्रियों के रास्ते में गाड़ियों का अंबार लगा है। दर्शनार्थियों को आने-जाने में तकलीफ हो रही है। दुकानदार अपनी दुकान बढ़ाकर सड़क के किनारे कर लिए हैं। ऐसा पहले कभी नहीं देखा गया था। जितनी दुर्व्यवस्था अब के समय में हो गई है। अगर इस मामले को संज्ञान में नहीं लिया गया तो दर्शनार्थियों को मंदिर जाने में भी समस्या उत्पन्न होगी।

बताते चलें कि पहले 4 फुट का रास्ता था तो लोगों को दिक्कत होती थी। अभी 35 फुट का हो गया है तो अतिक्रमण हो गया है। जबकि सरकार ने अधिग्रहित जमीन का मुआवजा दे दिया है, तब भी यह हाल है। अधिकारी मस्त हैं, जनता दर्शनार्थी त्रस्त है। इसके पूर्व जब तक शिव प्रताप शुक्ला एडीएम थे, तब तक कोई अतिक्रमण नहीं कर पा रहा था, क्योंकि अधिकारी हर दूसरे-तीसरे दिन नगर पालिका के साथ विंध्य कॉरिडोर पथ का निरीक्षण किया करते थे। जब से उनका ट्रांसफर हुआ है, उसके बाद से कोई अधिकारी कॉरिडोर में निरीक्षण करने भी नहीं आता, जबकि कॉरिडोर अभी पूरा भी नहीं हुआ है। आशंका जताई जा रही है कि क्या कोई बड़ा हादसा होने के बाद पुलिस प्रशासन मंदिर और मंदिर की ओर जाने वाले मार्ग की सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त कराने का काम करेगा?

## 17 मई से अनवरत गूंज रहा हरि कीर्तन भक्ति रस में सराबोर हो रहे श्रद्धालु

**मीरजापुर।** लालगंज क्षेत्र के चितरवर गांव में 17 मई से चल रहा अखंड हरिकीर्तन श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। चितरवर तालाब स्थित शिव मंदिर परिसर में दिन-रात गूंज रहे भजन, संकीर्तन और हरिनाम के स्वर पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना रहे हैं। जिले के विभिन्न क्षेत्रों के साथ प्रयागराज से पहुंचे कीर्तन मंडलों के कलाकार अपनी प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर रहे हैं। गैपुरा, पैड़ापुर, सेमरा, बबूला तथा प्रयागराज की प्रसिद्ध हरिकीर्तन मंडलियों के कलाकार अलग-अलग समय पर मंच संभाल रहे हैं। कलाकार पारंपरिक वाद्ययंत्रों और मधुर भक्ति गीतों के माध्यम से भगवान के नाम का गुणगान कर रहे हैं। लगातार कई दिनों से चल रहे इस धार्मिक आयोजन की चर्चा आसपास के गांवों के साथ पूरे क्षेत्र में हो रही है।मंदिर परिसर में सुबह से लेकर देर रात तक श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रहती है। हरिकीर्तन के दौरान वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना हुआ है।श्रद्धालु भजन-कीर्तन का आनंद लेने के साथ आरती और प्रसाद वितरण में भी सहभागिता कर रहे हैं।आयोजक समिति के नागेंद्र प्रसाद शुक्ला, पारसनाथ, गिरिजा शंकर एवं संतोष शुक्ला ने बताया कि आयोजन के दौरान प्रतिदिन पूजन, आरती और प्रसाद वितरण किया जा रहा है।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सफलतम 12 वर्ष पूर्ण होने पर हरि किर्तन व पूजन आयोजित

**तरूणमित्र न्यूज**

**सोनभद्र।** भाजपा विधायक राबर्ट्सगंज भूपेश चौबे द्वारा चुर्क स्थित महाकालेश्वर मंदिर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सफलतम 12 वर्ष पूर्ण होने पर हरिकिर्तन व पूजन कर कार्यकर्ताओं व आमजनमानस को प्रसाद वितरण करते हुए अंगवस्त्र से सम्मानित किया व राबर्ट्सगंज स्थित राम जानकी मंदिर पर भी पूजा पाठ व पाठ कर प्रसाद वितरण किया गया।

इस मौके पर सदर विधायक भूपेश चौबे ने कहा कि नरेंद्र मोदी सबसे अधिक दिनों तक प्रधानमंत्री रहने का रिकॉर्ड बनाया है। इस अवसर पर श्री महाकालेश्वर मंदिर पर हम सभी कार्यकर्ताओं ने पूजा अर्चना कि है और कहा कि भारत की आजादी के बाद निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में सर्वाधिक अवधि तक देश सेवा करने का गौरव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्राप्त किया है। उनके नेतृत्व में आज भारत विकास, सुशासन और आत्मनिर्भरता के नए कीर्तिमान स्थापित करते हुए विश्व की अग्रणी शक्तियों में अपना स्थान सुदृढ़ कर रहा है और नंबर वन राष्ट्र बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर है। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूल मंत्र पर कार्य करती है। यही कारण है कि संगठन और शासन में समाज के प्रत्येक वर्ग के नेतृत्व को सम्मानजनक अवसर प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि मैं पवनपुत्र भगवान हनुमान से प्रार्थना करता हूं कि उनकी असीम कृपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सदैव बनी रहे और उनके नेतृत्व में राष्ट्र निरंतर विकास के नए आयाम स्थापित करता रहे।

इस मौके पर नगर अध्यक्ष विनय श्रीवास्तव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में भारत ने विकास, सुशासन, सुरक्षा और जनकल्याणकारी के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की है। गरीब, किसान, महिला, युवा और वंचित वर्ग के उत्थान के लिए अनेक ऐतिहासिक योजनाएं लागू कि गयी है जिनका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक मिश्रा, पूर्व चेयरमैन कृष्णमुरारी गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष अजीत रावत, चुर्क मंडल अध्यक्ष दिलीप चौबेसंजीव श्रीवास्तव, धिरेन्द्र पाण्डेय, अमन वर्मा, सरोज केशरी, अभिषेक गुप्ता, धर्मवीर त्यागी, लालू सोनी, ध्रुवकांत द्विवेदी, अतुल पाण्डेय, बलराम सोनी, रमेश जायसवाल, राजबहादुर पटेल सहित आदि कार्यकर्ता पदाधिकारी व आमजनमानस मौजूद रहा।




## ■ अपना दल (एस) की मासिक बैठक में संगठन की मजबूती पर दिया जोर

# संगठन की मजबूती ही ताकत है : मान सिंह गोंड

**तरूणमित्र न्यूज**

**दुद्धी, सोनभद्र।** अपना दल (एस) विधानसभा दुद्धी-403 की मासिक संगठनात्मक बैठक बुधवार को उत्सव वाटिका, दुद्धी में संपन्न हुई। बैठक में संगठन विस्तार, सेक्टर एवं बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत बनाने तथा आगामी 2 जुलाई को लखनऊ में आयोजित पार्टी संस्थापक स्वर्गीय डॉ. सोनेलाल पटेल की जयंती समारोह की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख म्योरपुर मान सिंह गोंड तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में राम सुरेश कुशवाहा, जिला अध्यक्ष पंचायत मंच, सोनभद्र उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष निरंजन जायसवाल ने की।

मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि संगठन की मजबूती ही किसी भी राजनीतिक दल की सबसे बड़ी शक्ति होती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाने, नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने तथा पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।



अध्यक्षीय संबोधन में विधानसभा अध्यक्ष निरंजन जायसवाल ने प्रत्येक जोन एवं सेक्टर में नियमित बैठकें आयोजित करने तथा लंबित सेक्टर समितियों का गठन शीघ्र पूरा कर सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मजबूत बूथ और सक्रिय कार्यकर्ता ही संगठन की सफलता की आधारशिला हैं।

बैठक में हसनैन अंसारी, अमर सिंह खरवार, रमेश गुप्ता, गुलाब जायसवाल, राम अवतार, हरिप्रसाद मंत्री, राम मनोहर पटेल, दिनेश गुप्ता, रामबरन बैसवार, राजेंद्र प्रसाद गोंड, तुषार पटेल, सुरेश पासवान, ओम प्रकाश, प्रांजल, सतीश कुमार, श्रवण कुमार, अंशुल कुमार, लोकेश कुमार, अवनीश कुमार, उमेश कुमार, महेंद्र जायसवाल एवं सोनू जायसवाल सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# तूफान का कहर : सैकड़ों पेड़ गिरे, आवागमन बाधित

## बिजली संकट से दर्जनों गांव बेहाल, विभाग युद्ध स्तर पर मरम्मत कार्य में जुटा

तरूणमित्र न्यूज

**जौनपुर।** स्सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के आस—पास के ग्रामीण इलाकों में मंगलवार की रात आए भीषण चक्रवाती तूफान ने भारी तबाही मचाई। तेज हवाओं और आंधी के कारण सैकड़ों पेड़ धराशायी हो गये, दर्जनों बिजली के खंभे टूट गए तथा कई गांवों में मकानों और पशुशालाओं के टिनशेड एवं छप्पर उड़ गए। तूफान का सबसे अधिक असर जौनपुर-आजमगढ़ मार्ग कयार देखने को मिला जहां सड़क पर कई बड़े पेड़ गिर जाने से लगभग 20 घंटे तक आवागमन पूरी तरह बाधित रहा। कड़ी मशक्कत के बाद बुधवार को पेड़ों को हटाकर मार्ग को दोबारा चालू कराया जा सका। मंगलवार रात करीब 9 बजे अचानक मौसम ने करवट ली और तेज गर्जना के साथ चक्रवाती तूफान शुरू हो गया। कुछ ही देर में तेज हवाओं ने विकराल रूप धारण कर लिया। हवा की रफ्तार इतनी तेज थी कि कई पुराने और विशाल पेड़ जड़ समेत उखड़कर सड़कों, खेतों और मकानों पर गिर पड़े। देखते ही देखते पूरा क्षेत्र अंधेरे में डूब गया और लोगों में अफरा-तफरी मच गई।

**चक्रवर्ती तूफान में घर का इकलौता चिराग बुझा**

**जौनपुर।** सरायख्वाजा थाना क्षेत्र में मंगलवार की रात तेज आंधी तूफान में पक्का मकान गिर गया जिसमें युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने मौके पर निजी स्वास्थ्य केंद्र ले गये जहां चिकित्सकों ने मृतक घोषित कर दिया। घर का इकलौता चिराग बुझ गया। जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार कौड़िया मुंडेला गांव निवासी कमलेश यादव का पुत्र किशन यादव 15 वर्ष रात में करकट के मकान में सो रहा था कि तेज आंधी तूफान आने से पूरा गिरकर क्षतिग्रस्त हो गया जिसमें किशन गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन—फानन में परिजन निजी स्वास्थ्य केंद्र ले गये जहां चिकित्सकों ने मृत्यु घोषित कर दिया। सूचना मिलते हैं। परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन पुलिस को बिना सूचना दिये शव का अन्तिम संस्कार कर दिये। मृतक दो बहन में घर का इकलौता चिराग था। मां रोते—रोते बेसुध हो जा रही है। पिता खेती-बाड़ी करके घर चलाते हैं। इकलौते पुत्र की मौत हो जाने के बाद पिता कमलेश यादव और दादा—दादी का रो—रो कर बुरा हाल हो गया है। ढांढस बंधाने की कोई हिम्मत नहीं जुटा पा रहा है। पूरे गांव में मातम छाया हुआ है।

**जौनपुर-आजमगढ़ मार्ग पर लगा वाहनों का लम्बा जाम**

तूफान के दौरान सरायख्वाजा क्षेत्र से होकर गुजरने वाले जौनपुर-आजमगढ़ मार्ग पर कयार शारदा सहायक नहर पुल के दोनों ओर आधा दर्जन से अधिक बड़े पेड़ गिर गए। सड़क पूरी तरह अवरुद्ध हो जाने से दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। रात के समय कई यात्री घंटों सड़क पर फंसे रहे। स्थिति ऐसी हो गई कि छोटे-बड़े वाहन आगे नहीं बढ़ सके।

## जीएसटी पंजीयन विशेष जागरूकता अभियान का आयोजन

**जलालपुर।** क्षेत्र के अनन्य टैक्सेशन पॉइंट जलालपुर बाईपास पर जीएसटी पंजीयन जागरूकता अभियान के तहत व्यापारी बंधुओ की एक आवश्यक बैठक डिप्टी कमिश्नर अच्छे लाल सी टी ओ रोहित सिंह एवं अनमोल मित्तल की अध्यक्षता में किया गया। व्यापारी बंधुओ को संबोधित करते हुए डिप्टी कमिश्नर अच्छे लाल ने कहा कि पंजीकृत व्यापारियों के लिए बिना प्रीमियम के 10 लाख रुपए की व्यापारी दुर्घटना बीमा के अलावा जीएसटी प्रणाली में समस्त कार्य घर बैठे ऑनलाइन होगा किसी कार्य हेतु सरकारी कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं है किसी भी राज्य से खरीदे गए माल पर आईटीसी उपयोग की सुविधा निर्वाध रूप से प्रदान की जाएगी इसके अलावा 1.5 करोड़ वार्षिक कारोबार सीमा तक छोटे-छोटे व्यापारियों के लिए समाधान योजना तथा खरीद बिक्री संबंधित रिटर्न एसएमएस के द्वारा दाखिल करने की सुविधा प्रदान की जाएगी 5 करोड रुपए तक का वार्षिक कारोबार सीमा तक व्यापारियों के लिए तिमाही रिटर्न की सुविधा प्रदान की जाएगी इस अवसर पर अखिलेश मौर्य एडवोकेट ,आनंद यादव दीपिका बजाज एजेंसी, आशुतोष कुमार सिंह ऊषा टीवीएस ,रितेश गुप्ता साहू ट्रेडर्स, सूरज कुमार साइकिल एजेंसी, आशुतोष टीवीएस एजेंसी आदि लोग मौजूद थे।

# जिले के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में जीते पदक

तरूणमित्र न्यूज

**जौनपुर।** मथुरा में आयोजित 13वीं ओपन नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में जिले के खिलाड़ियों ने चार स्वर्ण पांच सिल्वर छ काश्य पदक सहित 15 पदक अपने नाम किया प्रतियोगिता 6 ,7 ,8 जून तक मथुरा के सोम आश्रम के हाल में आयोजित हुई जिला ताइक्वांडो एसोसिएशन के सचिव व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी संजीव कुमार साहू ने बताया खिलाड़ियों ने उत्तर प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रतियोगिता में भाग लिया महिला वर्ग में आयुषी रावत आदित्य सिंह और पुरुष वर्ग में आदर्श मौर्य को गगन कनौजिया ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया खुशी सोनी अनोखी कनौजिया दिव्यांश साहू मृदुल ने रजत पदक प्राप्त किया।

वहीं पीहू केडिया वेदांत यादव अंश यादव वीर कुमार कॉमेडी वह मेरा ने कश्यप पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया संगठन के मैनेजर शुभम गुप्ता सा प्रशिक्षक विपिन कनौजिया महिला मैनेजर अन्नू सिंह व अभिभावकों ने सभी विजेता खिलाड़ियों को माल्यार्पण करवा मुंह मीठा कराकर स्वागत किया।



ट्राफी के साथ विजेता खिलाड़ी व कोच

# आरपीएफ व जीआरपी ने चलाया जागरूकता अभियान

तरूणमित्र न्यूज

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर रेलवे सुरक्षा बल और राजयकीय रेलवे पुलिस ने पूरी तरह सतर्कता बरते हुए विशेष रूप से जागरूकता अभियान चलाकर परीक्षार्थियों को सचेत किया। आरपीएफ पोस्ट प्रभारी अजय कुमार और जीआरपी थानाध्यक्ष सुनील कुमार गौड़ के नेतृत्व में जौनपुर रेलवे स्टेशन पर विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान परीक्षा देने आए अभ्यर्थियों एवं यात्रियों को सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। टीम ने यात्रियों को अपने मोबाइल फोन, बैग, दस्तावेज आदि अन्य सामानों की सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी। साथ ही किसी भी अज्ञात व्यक्ति के बहकावे में न आने और अपने सामान पर लगातार नजर बनाए रखने को भी चेताया। पुलिस टीम ने स्टेशन परिसर में मौजूद लोगों से अपील की कि यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि नज़र आए तो तुरंत उसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

यह भी टीम द्वारा बताया कि यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा को देखते हुए रेलवे स्टेशन परिसर, प्लेटफार्मों और यात्री प्रतीक्षालयों में एवं मुख्य रूप से निगरानी व्यवस्था और अधिक मजबूत की गई है। सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद रखने के लिए पुलिस टीम लगातार संक्रमण कर रही है।

रेलवे स्टेशन पर चलाए गए इस जागरूकता अभियान का उद्देश्य परीक्षार्थियों और यात्रियों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना तथा किसी भी अप्रिय घटना को रोकना है। सभी यात्रियों से सतर्क रहने और सुरक्षा संबंधी निर्देशों का पालन करने की भी अपील की है।

# धूमधाम से मनाया गया महाराजा सुहेलदेव विजय दिवस

## गूंजा देशभक्ति का नारा, दी गई श्रद्धांजलि

**जौनपुर।** गोमती तट स्थित हनुमान घाट पर बुधवार को राष्ट्रवीर सेना के तत्वावधान में महाराजा सुहेलदेव विजय दिवस श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय लोगों ने भाग लेकर राष्ट्रवीर महाराजा सुहेलदेव को श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम का शुभारंभ अजय उपाध्याय एवं तेज प्रताप मिश्रा ने भारत माता तथा महाराजा सुहेलदेव के चित्रों पर माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने महाराजा सुहेलदेव के शौर्य, पराक्रम और राष्ट्र रक्षा में उनके योगदान को याद किया।

सेना के उपाध्यक्ष आलोक सेठ ने उपस्थित लोगों को अन्याय और गलत कार्यों के विरुद्ध निडर होकर आवाज उठाने का संदेश दिया। वहीं अजय उपाध्याय ने महाराजा सुहेलदेव के जीवन और वीरता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका संघर्ष राष्ट्र और धर्म की रक्षा के लिए प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम में जगमेन्द निषाद, रोहित साहू, शिवम् जायसवाल, अमित निगम, आशीष बोस, सुरेन्द्र सोनी, लक्ष्मण वर्मा, अनिकेत मोदनवाल, दीपक सेठ, ओमप्रकाश गुप्ता और मंगल सेठ सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित की तथा भारत माता की आरती में सहभागिता की।

समारोह के दौरान भारत माता की जय और महाराजा सुहेलदेव अमर रहें के नारों से पूरा वातावरण देशभक्ति के रंग में सराबोर हो गया। कार्यक्रम के अंत में सेना अध्यक्ष महेश कुमार ने सभी आगंतुकों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

## निरीक्षण भवन में सांसद ने लोगों की सुनी समस्याएं

**जौनपुर।** बदलापुर विधानसभा के निरीक्षण भवन में बुधवार को जौनपुर के सांसद बाबूसिंह कुशवाहा चौपाल लगाकर जन समस्या सुनी जिसमें बदलापुर विधान सभा से सैकड़ों लोगों ने नाली, सड़क,पुलिया बनवाने विद्युत ट्रांसफार्मर, हाईमास्क लाइट लगवाने की मांग रखी। बदलापुर के मछली गांव के ग्रामीण स्टेडियम में वहा के प्रधान सहित बीसों लोगों ने हाईमास्क लाइट लगवाने की बात कही। पतहियापुर गांव निवासी आशीष मौर्य ने बताया कि हमारे गांव का उच्च प्राथमिक विद्यालय सरकार द्वारा बंद कर दिया गया है गांव में एक लाइब्रेरी खोली जाय। वही इलाहाबाद से शाहगंज रोड पर शारदासहायक खण्ड 36 कोहिया गांव के पास नहर की पुलिया टूट गयी है। गांव के लोगों ने पुलिया बनवाने की मांग की। इस अवसर पर सांसद ने कहा इस सरकार में अधिकारीयों का जन समस्याओं से लेना देना नही है निरंकुश हो गये है । महंगाई कमर तोड़ रही है। महंगाई कमर तोड़ रही है डीजल पेट्रोल का दाम रोज बढ़ रहा है । खाने पीने के सामानों के दाम आसमान छू रहे है। इसके बाद बदलापुर के पट्टी दयालपुर गांव निवासी राहुल निषाद की पत्नी कुसुम निषाद का बीते दिनों बदलापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के दौरान मौत की सूचना पर घर पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त किए इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों से बात कर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने को कहा।

# एंटी करप्शन टीम का डाकघर में छापा, एक को रंगेहाथ पकड़ा

**जौनपुर।** बुधवार दोपहर प्रधान डाकघर में एंटी करप्शन टीम ने छापेमारी कर कार्यवाही करते हुए भ्रष्टाचार में पूरी तरह लिप्त व्यक्ति को अपने साथ लेकर चली गई।

स्थानीय लोगों के अलावा कर्मचारियों में हो रही चर्चा की माने तो मुख्य डाकघर अधीक्षक कार्यालय में कार्यरत बृजेश कुमार मिश्रा पोस्टमैन से वर्सियर पद पर डीईओ ऑफिस में तैनात था और लोगों से धनउगाही कर अधिकारियों के बीच बंदर बांट करता था। इसी में एक और नाम जुड़ा हुआ हर्षवर्धन प्रजापति जो एसडीआई है केराकत और जौनपुर सदर में बिना पद के इनको डाक अधीक्षक के द्वारा रखा गया है क्योंकि वसूली करेंगे और अपने साथ ही हमारी भी जेब को भरने का काम बगैर किसी भय के करते रहेंगे। इसकी शिकायत काफी दिनों से चली जिसके फल स्वरुप एंटी करप्शन टीम ने जौनपुर डाकघर पर छापामार कार्यवाही करते हुए बृजेश कुमार एवं एक अन्य को हिरासत में ले लिया और पूछताछ करने हेतु साथ लेकर चले गए। यह भी आम लोगों में चर्चा हो रही है कि मुख्य डाक घर में घूसखोरी आम बात है। ऐसे इस खबर की तरूणमित्र समाचार पत्र पुष्टि नहीं करता है।

# डीएम व जिला आबकारी अधिकारी के नाम पर धन मांगने का आरोप

## कोर्ट के आदेश पर दो आबकारी कर्मियों पर मुकदमा दर्ज

**जौनपुर।** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) के आदेश पर लाइनबाजार थाने में आबकारी विभाग के एक निरीक्षक और एक सिपाही के खिलाफ धोखाधड़ी, धमकी एवं अन्य आरोपों में मुकदमा दर्ज किया गया है। मामला शराब दुकान संचालक से कथित रूप से विभागीय खर्च के नाम पर धन मांगने से जुड़ा है।

लाइनबाजार थाना क्षेत्र के हुसेनाबाद निवासी राकेश कुमार सिंह ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया था कि उनकी पत्नी चौरी बाजार क्षेत्र में देशी शराब की दुकान संचालित करती हैं। आरोप है कि 24 अगस्त 2024 को आबकारी विभाग के सिपाही शुजाउद्दीन ने फोन कर विभाग में आकस्मिक खर्च आने की बात कही और धनराशि देने के लिए कहा।

पीड़ित का आरोप है कि बाद में उसकी बातचीत आबकारी निरीक्षक आदित्य सिंह से कराई गई। प्रार्थना पत्र के अनुसार निरीक्षक ने कथित रूप से कहा कि विभागीय खर्च के लिए विभिन्न दुकानों से धन लिया जा रहा है तथा उसके हिस्से में 1800 रुपये आते हैं।

राकेश कुमार सिंह का आरोप है कि धनराशि न देने पर दुकान सीज कराने तथा उनकी पत्नी के खिलाफ कार्रवाई कराने की धमकी दी गई। भयवश उन्होंने संबंधित कार्यालय पहुंचकर 1800 रुपये दे दिए। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि समय-समय पर अन्य मदों में भी धन की मांग की जाती रही। वादी ने न्यायालय को बताया कि उसने बातचीत की ऑडियो रिकॉर्डिंग सुरक्षित रखी है तथा मामले की शिकायत विभागीय अधिकारियों, आबकारी आयुक्त कार्यालय और पुलिस अधिकारियों से भी की थी, लेकिन कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने न्यायालय की शरण ली। मामले की सुनवाई के बाद सीजेएम ने प्रकरण को गंभीर मानते हुए पुलिस को एफआईआर दर्ज कर जांच करने का निर्देश दिया। न्यायालय के आदेश के अनुपालन में 9 जून 2026 को लाइनबाजार थाने में आबकारी निरीक्षक आदित्य सिंह और आबकारी सिपाही शुजाउद्दीन के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया।

पुलिस का कहना है कि न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। जांच के दौरान उपलब्ध साक्ष्यों, ऑडियो रिकॉर्डिंग और अन्य तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। आरोप शिकायतकर्ता द्वारा लगाए गए हैं। मामले की सत्यता पुलिस जांच और न्यायिक प्रक्रिया के बाद ही स्पष्ट होगी।

# पेपर लीक मामले को लेकर छात्रों ने सौंपा ज्ञापन

तरूणमित्र न्यूज

**जौनपुर।** कलेक्ट्रेट परिसर में बुधवार को सैकड़ो की संख्या में छात्रों नीट परीक्षा में कथित पेपर लीक और अनियमितताओं के विरोध में छात्रों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन करते हुए धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट इंद्र नंदन सिंह को एक ज्ञापन सौंपा है।

ज्ञापन में इस मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई है। छात्र लकी गौतम ने कहा कि नीट जैसी महत्वपूर्ण राष्ट्रीय परीक्षा में समय-समय पर सामने आई पेपर लीक और अन्य अनियमितताओं की घटनाओं ने देश के करोड़ों छात्रों और अभिभावकों का विश्वास कमजोर किया है। लाखों विद्यार्थी वर्षों तक कठिन परिश्रम करके इस परीक्षा की तैयारी करते हैं, लेकिन ऐसी घटनाएं उनकी मेहनत और भविष्य के साथ अन्याय करती हैं। छात्रों ने आरोप लगाया है कि धर्मेंद्र प्रधान को अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए।

लकी गौतम ने कहा कि हमारी प्रमुख मांग है कि नीट परीक्षा से संबंधित सभी पेपर लीक और अनियमितताओं की निष्पक्ष एवं समयबद्ध जांच कराई जाए। इसके साथ ही, दोषी व्यक्तियों, गिरोहों और अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। भविष्य में किसी भी प्रतियोगी परीक्षा में पेपर लीक न हो, इसके लिए सख्त एवं पारदर्शी व्यवस्था लागू की जाए। छात्रों ने परीक्षा प्रणाली में तकनीकी एवं प्रशासनिक सुधार करने की भी मांग की है ताकि छात्रों का विश्वास बहाल हो सके।



मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते छात्र

# पुरानी रंजिश में महिला पर टँगारी से हमला, घायल

**जौनपुर।** जलालपुर थाना क्षेत्र के नत्थनपुर गांव में पुरानी रंजिश को लेकर पड़ोसियों द्वारा एक महिला पर टँगारी और डंडे से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। हमले में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसका निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। जानकारी के अनुसार गांव निवासी सुशीला देवी (45) पत्नी संतोष यादव को पड़ोस के दो युवकों और उनकी मां ने कथित रूप से गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। विरोध करने पर आरोपियों ने सुशीला देवी पर टँगारी और डंडों से हमला कर दिया। सिर पर गंभीर चोट लगने से वह मौके पर ही बेहोश हो गईं। घटना के बाद परिजनों ने उन्हें तत्काल एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज जारी है। पीड़िता के पति संतोष यादव, जो मुंबई में रहते हैं, बुधवार को घर पहुंचे और मामले की तहरीर पुलिस को सौंप दी। इस संबंध में जलालपुर थानाध्यक्ष प्रशांत सिंह ने बताया कि तहरीर प्राप्त हो गई है और मामले की जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, दो गिरफ्तार

तरूणमित्र न्यूज

**जौनपुर।** जिले में ओएलएक्स और एनिमल एप पर पशु एवं जेसीबी मशीन बिक्री का फर्जी विज्ञापन देकर लोगों को सुनसान स्थानों पर बुलाने, बंधक बनाकर मारपीट करने और जबरन धन उगाही करने वाले गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। थाना सिकरारा और सुजानगंज की संयुक्त पुलिस टीम ने बुधवार को दो शातिर अपराधियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक बुलेट मोटरसाइकिल और तीन एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर भैंस और जेसीबी मशीन बिक्री के आकर्षक विज्ञापन डालकर खरीदारों को जौनपुर बुलाते थे। इसके बाद उन्हें सुनसान स्थानों पर ले जाकर बंधक बनाकर मारपीट करते और नकदी, मोबाइल तथा ऑनलाइन ट्रांजैक्शन के माध्यम से लाखों रुपये वसूल लेते थे।

**तीन बड़ी घटनाओं से खुला गिरोह का नेटवर्क**

25 मार्च 2026 को प्रयागराज निवासी मोहम्मद नौशाद को एनिमल पर भैंस बिक्री का विज्ञापन दिखाकर नौपेड़वा बुलाया गया। वहां मारपीट कर उससे 93 हजार रुपये नकद और बाद में विभिन्न खातों में एक लाख रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर कराए गए।

इसी तरह मिर्जापुर निवासी किशन सिंह और उनके सहयोगी गोविंद सिंह को जेसीबी खरीदने के बहाने बुलाकर दो लाख रुपये नकद, मोबाइल फोन तथा ऑनलाइन और चेक के माध्यम से कुल करीब 10 लाख रुपये की वसूली की गई। आरोपियों ने दोनों को ट्यूबवेल पर बंधक बनाकर रखा और अगले दिन छोड़ दिया। वहीं 5 जून 2026 को मिर्जापुर निवासी दीपकुमार सिंह और उनके सहयोगी चंद्रशेखर कुशवाहा को भैंस खरीदने के नाम पर बुलाकर उनके मोबाइल फोन से करीब 1.41 लाख रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर करा लिए गए तथा मारपीट की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने घोरहा नहर पुलिया के पास से दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार आरोपियों में मो. अलीम पुत्र अब्दुल सलाम निवासी रानीमऊ, थाना खेतासराय, जितेंद्र यादव पुत्र राम अजोर यादव निवासी धरौली, थाना आसपुर देवसरा, प्रतापगढ़ बताये गये है। इनके पास से एक रॉयल एनफील्ड बुलेट मोटरसाइकिल, तीन एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद हुआ है। पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ कर गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी है। मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# दहेज उत्पीड़न मामले में पांच पर मुकदमा दर्ज

**चन्दवक।** स्थानीय थाना क्षेत्र में दहेज उत्पीड़न के एक मामले में पुलिस ने पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता मंजू देवी, निवासी सराय मोहना, थाना सारनाथ, जनपद वाराणसी ने आरोप लगाया है कि उनकी पुत्री खुशबू साहनी को उसके ससुराल पक्ष के लोग दहेज की मांग को लेकर मारते-पीटते तथा मानसिक रूप से प्रताड़ित करते हैं।

पुलिस ने प्राप्त तहरीर के आधार पर पति, ससुर, ननद, देवरानी तथा जीजा के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। मामले की विवेचना के दौरान आरोपों की सत्यता की जांच की जाएगी और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

गौरतलब है कि दहेज उत्पीड़न मामलों में न्यायालय द्वारा निष्पक्ष जांच और अनावश्यक रूप से निर्दोष परिजनों को परेशान न किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। ऐसे में पुलिस जांच के बाद ही आरोपों की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# जौनपुर के लोक निर्माण विभाग ने कर दी हद

## सड़क बनी ही नहीं डिवाइडर खड़ा कर दिया

## डीएम साहब जरा विचार करिये

ब्यूरो चीफ की खास रिपोर्ट

**जौनपुर।** जगदीशपुर रेलवे क्रॉसिंग से कलीचाबाद होते हुए वाजिदपुर तिराहे से आगे निकलने वाली नेशनल हाईवे को जोड़ने वाली सड़क पर डिवाइडर ही डिवाइडर दिख रहा है। हकीकत तो यह है कि सड़क के नाम पर एसपी आवास के सामने पुलिस लाईन के बगल से गुजरने वाली यह सड़क आम नागरिकों के लिए अब जानलेवा साबित होने लगी है।

जी हाँ हम बात कर रहे हैं टीडी कॉलेज होते हुए पाल्टेक्निक चौराहे तक होते हुए गुजरने वाली इस सड़क का। जिसका सिर्फ नाम ही बचा है। यूँ कहें कि बदनाम होकर रह गए इस राष्टीय राजमार्ग को इतना बुरा दिन देखना होगा। यह आम जनता की सोच के बाहर है। अभी आज ही एक स्कूल छात्रा बस की चपेट में आने से टकराई तो जरूर लेकिन जीवन उसका बाल बाल बच गया। यह सड़क का ही कमाल है टी.डी.कॉलेज के पहले ही घटित इस घटना की सर्वत्र निंदा की जा रही है। डिवाइडर लगाकर लोक निर्माण विभाग क्या सच को स्वीकार नहीं करना चाहता था। विभागीय वाहवाही लूटने की मंशा से सरकारी धन का दुरुपयोग बखूबी करने का डंका बजाना चाहता है नीतिगत आधार पर परीक्षण कराकर ऐसे कार्यों पर प्रभावी नियंत्रण जिला प्रशासन का दायित्व है जिस पर फौरी कार्यवाही अपेक्षित है।

**इतनी बड़ी खामी का आखिर जिम्मेदार कौन है ?**

**जौनपुर।** जिले के इस प्रसिद्ध तिलकधारी महाविद्यालय के पास लोक निर्माण विभाग द्वारा बरती जा रही इस खामी के लिए आखिर जिम्मेदार कौन है।

यह शहर का हर आम नागरिक जानना चाहता है। यहां प्रत्येक दिन कुछ न कुछ छोटी बड़ी घटनाएं होती रहती है। बावजूद इसके विभाग के आला अफसर इस मामले में चुप्पी साधे हुए हैं।

इससे तो यह भी कहा जा सकता है कि अफसर से लेकर विभाग के कर्मचारी किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहे हैं। जब घटनाएं घट जाती हैं और फिर जांच पड़ताल के नाम पर ढाक के तीन पात वाली बात शुरू हो जाती है।

# बदमाशों ने की फायरिंग और पत्थरबाजी, पुलिस कार्यवाही में जुटी

**जौनपुर।** शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के मोहल्ला खासनपुर में स्थित राजमहल के पास अराजक तत्वों ने कई राउंड गोली चलाई जिससे क्षेत्र में दहशत फैल गई है। अराजक तत्वों द्वारा चलाई गई गोली राजमहल के गेट में भी जाकर लगी हुई है।

सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि घटना सोमवार रात लगभग 11:00 बजे की है। कुछ अराजक तत्वों का जमावड़ा वहां लगा हुआ था। उसी समय कुछ कहासुनी होते होते ही मामला इतना बढ़ गया कि राजमहल फाटक पर ईंट और पत्थर चलाए गए और उसके बाद एक-एक करके कई राउंड हवा में गोली चलाते हुए राजा साहब फाटक पर भी फायरिंग की गई।

प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार जिस समय फायरिंग की घटना घटित हो रही थी उस समय वहां अफरा तफरी का माहौल मच गया और लोगों ने धड़ाधड़ अपनी दुकानों को बंद कर दिया। सोमवार की रात हुई इस घटना के कारण अभी भी क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। इस संबंध में राजमहल के कर्मचारी विनोद कुमार द्वारा गेट में गोली लगने व फायरिंग की घटना की लिखित सूचना कोतवाली पुलिस को दिया है। जिसमें दो नामजद तथा चार अज्ञात के खिलाफ तहरीर दिया है। इतना ही नहीं यह मामला कई दिनों से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है इसके बावजूद भी अब तक पुलिस ने कोई मामला दर्ज नहीं किया है।

सूत्र बताते हैं कि हर रोज शाम से लेकर देर रात तक यहां अराजक तत्वों वह शराबियों का मेला लगा रहता है, जिससे स्थानीय लोगों का जीना दुश्वार कर दिया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अनीता सिंह ने बताया कि गोली चलने की कोई घटना नहीं हुई है दो लोग शराब के नशे विवाद किए थे दोनों को कोतवाली लाकर चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया है और आगे की कार्यवाही की जा रही है।

# किसान संगठन देशव्यापी संघर्ष की तैयारी में

## राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपकर की वादे पूरे करने की मांग

**जौनपुर।** कलेक्ट्रेट परिसर में अखिल भारतीय किसान खेत मजदूर संगठन ने बुधवार को केंद्र सरकार द्वारा वादे पूरे न करने पर किसान संगठनों ने देशव्यापी संघर्ष का ऐलान किया है। संगठन ने अपनी मांगों को लेकर भारत के राष्टपति को एक ज्ञापन सौंपा है। राजनाथ यादव ने कहा कि केंद्र की भाजपानीत नरेंद्र मोदी सरकार ने 2020 में भारी जन-विरोध के बावजूद तीन कृषि कानून पारित किए थे। इन कानूनों का उद्देश्य उद्योगपतियों को भारी मुनाफा पहुंचाना था। हालांकि, संयुक्त मोर्चा द्वारा चलाए गए ऐतिहासिक आंदोलन के बाद प्रधानमंत्री को ये कानून वापस लेने पड़े। किसानों ने दिसंबर 2020 में सशर्त आंदोलन वापस ले लिया था लेकिन, बार-बार दबाव बनाने के बावजूद केंद्र सरकार ने अपने वादों पर अमल नहीं किया, जिससे किसान संगठनों में असंतोष है।

इसी पृष्ठभूमि में, किसान संगठनों ने अब देशव्यापी संघर्ष चलाने का निर्णय लिया है। उन्होंने राष्टपति से अपनी शक्तियों का उपयोग कर किसानों को न्याय दिलाने का आग्रह किया है। हमारी प्रमुख मांग है कि एमएसपी कानून को तुरंत लागू किया जाए और खरीद सुनिश्चित की जाए। खाद, बीज और डीजल की पर्याप्त आपूर्ति रियायती दरों पर की जाए। बिजली संशोधन विधेयक 2021 को वापस लिया जाए और स्मार्ट मीटर पर रोक लगाई जाए। इसके अतिरिक्त, किसानों और मजदूरों के सभी कर्ज माफ करने और मुफ्त बिजली प्रदान करने की मांग की गई है। चार लेबर-कोड बिलों को वापस लेने तथा कम वेतन और बढ़ती महंगाई के कारण मजदूरों में असंतोष को देखते हुए न्यूनतम वेतन 30,000 रुपये लागू करने की भी मांग की गई है। जेल में बंद मजदूरों पर लगे फर्जी मुकदमे वापस लेकर उन्हें ससम्मान रिहा करने की बात भी कही गई है। एलपीजी, डीजल और पेट्रोल की बढ़ी हुई कीमतें वापस लेने और पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग भी शामिल है। अंत में, भूमिहीन, मध्यम, गरीब किसानों और आम मजदूरों द्वारा ग्राम समाज भूमि पर निर्मित आवासों पर बुलडोजर चलाना बंद करने और उन्हें आबादी के रूप में दर्ज करने का अनुरोध किया गया है।

## प्रधानमंत्री को मिला 140 करोड़ भारतीयों का आशीर्वाद

**बक्शा।** मल्हनी भाजपा परशुरामपुर मंडल के उतरेजपुर गांव में ऐतिहासिक सारनाथ महादेव मन्दिर परिसर में बुधवार को मण्डल अध्यक्ष सुरेन्द्र मिश्र की अगुआई में प्रधानमंत्री मोदी के 12 वर्ष के सफल कार्यकाल पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने जलाभिषेक कर पूजन अर्चन हवन पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। अध्यक्ष सुरेन्द्र मिश्र ने कहा कि यह 12 वर्ष गवाह बन गया कि जब नीतियां स्पष्ट हों, इरादे नेक हों और नेतृत्व मजबूत हो, तो देश हर चुनौती को पार कर जाता है। जिला मंत्री द्वय डॉ. देवी प्रसाद एवं परविंदर चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का कार्यकाल स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा।जिला मिडिया प्रभारी भाजपा किसान मोर्चा आशुतोष कुमार उपाध्याय ने भारत की निरंतर प्रगति, समृद्धि एवं जनकल्याण के लिए प्रार्थना की। इस दौरान आचार्य आशुतोष मिश्र, संजय शुक्ला द्वारा मंत्रोच्चार कर हवन पूजन कराया गया।

# महापौर कांग्रेस पार्षद दल को बदनाम करने का कर रहे प्रयास, जनता को गुमराह करना बंद करें: राघवेन्द्र चौबे



**वाराणसी।** महानगर कांग्रेस कमेटी एवं कांग्रेस पार्षद दल की एक महत्वपूर्ण पत्रकार वार्ता मैदागिन स्थित पार्टी कार्यालय राजीव भवन में आयोजित की गई। वार्ता को संबोधित करते हुए महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे ने नगर निगम से जुड़े विभिन्न जनहित के मुद्दों, शहर की बदहाल व्यवस्था, सफाई, जलनिकासी, सीवर व्यवस्था तथा हाल ही में मीट-मांस की दुकानों को शहर से बाहर स्थानांतरित किए जाने को लेकर चल रही चर्चाओं पर विस्तार से विचार व्यक्त किया। कांग्रेस पार्षद दल के नेता गुलशन अंसारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि पिछले दिनों यह प्रचारित किया जा रहा है कि वाराणसी शहर से मीट-मांस की दुकानों को बाहर करने का प्रस्ताव कांग्रेस पार्षद दल की ओर से दिया गया था। उन्होंने इस दावे को पूरी तरह झूठा, निराधार और भ्रामक बताते हुए कहा कि उन्होंने नगर निगम में ऐसा कोई प्रस्ताव कभी नहीं दिया है। यदि महापौर अशोक तिवारी यह दावा कर रहे हैं कि कांग्रेस पार्षद दल या उनके द्वारा ऐसा कोई प्रस्ताव दिया गया था, तो वह तत्काल उस प्रस्ताव को सार्वजनिक करें।

जनता को बताया जाए कि कब, किस बैठक में और किस पत्र के माध्यम से ऐसा प्रस्ताव दिया गया। यदि महापौर ऐसा करने में असमर्थ हैं तो उन्हें काशी की जनता से माफी मांगनी चाहिए। कांग्रेस की राजनीति समाज को जोड़ने की राजनीति है, जबकि भाजपा समाज को बांटने और भ्रम फैलाने का काम कर रही है। नगर निगम की विफलताओं और शहर की ज्वलंत समस्याओं से जनता का ध्यान हटाने के लिए कांग्रेस पार्षद दल पर झूठे आरोप लगाए जा रहे हैं। काशी विश्व की प्राचीनतम सांस्कृतिक नगरी है और इसकी पहचान गंगा-जमुनी तहजीब, आपसी भाईचारे और सामाजिक समरसता से रही है। यहां सभी धर्मों और समुदायों के लोग सदियों से प्रेम और सौहार्द के साथ रहते आए हैं। ऐसे में महापौर द्वारा दिए जा रहे भ्रामक बयान सामाजिक सौहार्द को प्रभावित करने वाले हैं। कांग्रेस पार्षद दल ने केवल सावन और नवरात्र जैसे विशेष धार्मिक अवसरों पर, जब लाखों श्रद्धालु काशी आते हैं, तब आस्था और परंपराओं का सम्मान करते हुए कुछ दिनों के लिए मीट-मांस की दुकानों को बंद रखने की बात कही थी। लेकिन उस सुझाव को तोड़-मरोड़कर पूरे शहर से दुकानों को बाहर करने के प्रस्ताव के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है, जो पूरी तरह गलत है।

# रामनगर में पैरामिलिट्री फोर्स के जवान के घर से 30 लाख की चोरी, परिवार गया था छुट्टी में घूमने



**वाराणसी ( रामनगर )।** नगर क्षेत्र के जनकपुर मुख्य मार्ग पर स्थित पैरामिलिट्री के जवान विकास सिंह के बंद मकान से लगभग 30 लाख रुपये के गहने और 50 हजार रुपये नकद चोरी हो गए। विकास के पिता बृजेश सिंह के अनुसार, चोरों ने तीन घंटे तक घर का कोना-कोना खंगाला। चोर ने पहले तल पर स्थित दो कमरों का दरवाजा और द्वितीय तल पर स्थित दो कमरों का दरवाजा छत पर रखे छड़ से तोड़ दिया। उसने आलमारी का मजबूत लाकर भी तोड़ दिया। बृजेश के अनुसार, चोर घर के ऊपरी तल पर आलमारी में रखे तीन सोने के हार, दो मंगलसूत्र, दो चेन, पांच अंगूठियां, दो कान के झुमके, नाक का सेट और कुछ चांदी के आभूषण चोरी कर ले गए।

घटना के बाद सुबह 5 बजे पानी भरने के लिए बाहर निकली पड़ोसी दादी निर्मला देवी ने देखा कि छोटा गेट खुला था। इसके बाद उन्होंने इसकी सूचना बृजेश और गली वालों को दी।

मौके पर पहुंची फोरेंसिक टीम और पुलिस ने खानापूर्ति कर दी। बृजेश ने रामनगर थाने पर तहरीर दे दी है, लेकिन बुधवार शाम तक मुकदमा पंजीकृत नहीं किया गया है। बृजेश प्रयागराज में भट्टा चलाते हैं और उनका बड़ा बेटा विकास आईटीबीपी प्रयागराज में तैनात है। विकास अपनी पत्नी के साथ छुट्टी पर दमन दीव गए हुए थे, जिसके कारण घर में पिछले एक हफ्ते से कोई नहीं था। गली में लगे सीसीटीवी कैमरे में नीले रंग की टीशर्ट पर सफेद और लाल रंग की पट्टी वाला एक युवक दरवाजे के ऊपरी हिस्से से घर में प्रवेश करते हुए दिखाई दे रहा है। पहले प्रयास में सफल न होने पर वह अपना स्लीपर गली में रखी पटिया के पीछे छुपाता है और फिर घर में प्रवेश करता है। युवक रात 1.30 पर घर में दाखिल हुआ और सुबह 4 बजकर 43 मिनट पर मुख्य गेट से लगा छोटा गेट खोलकर बाहर निकला।

निकलते समय युवक के हाथ में पीले रंग का बैग भी फुटेज में दिखाई दे रहा है। वहीं, एक युवक गली में देर रात तक घर के आस-पास क्षेत्र में रेकी करता दिखाई दे रहा है। सीसीटीवी में रात 2 बजे के आसपास फैंटम दस्ते का एक युवक लगभग 15 मिनट तक उसी गली में दिखाई दिया।इस घटना ने स्थानीय निवासियों में भय का माहौल पैदा कर दिया है। लोग अब अपने घरों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं।

## संक्षिप्त सामाचार

### *जंघई-जरौना रेलमार्ग पर युवक का शव मिलने से सनसनी*

***तरूणमित्र न्यूज***

***जंघई।*** *क्षेत्र के जंघई-जरौना रेलमार्ग पर बुधवार को अज्ञात युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव रेल पटरी के पास गिट्टी पर पड़ा था। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पहचान के प्रयास शुरू कर दिए हैं। मेदपुर बनकट गांव के पास रेल लाइन के समीप लगभग 40 वर्षीय एक युवक का शव बुधवार को मिला। युवक रेल पटरी के पास गिट्टी पर औंधे मुंह पड़ा था।*

*स्थानीय लोगों ने शव देखकर पुलिस को सूचना दी। शव की हालत देखकर अनुमान लगाया जा रहा है कि उसके चेहरे पर गंभीर चोट के निशान थे। जनचर्चा है कि रात में किसी ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। शिनाख्त न होने से पुलिस के सामने शव की पहचान करना बड़ी चुनौती है। सूचना पर पहुंची मीरगंज पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही में जुट गई हैं। इस संबंध में थानाध्यक्ष मीरगंज अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। पोस्टमार्टम के बाद मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। समाचार लिखे जाने तक मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी थी।*

### *ऑपरेशन वज्रपात के तहत युवक गिरफ्तार*

***तरूणमित्र न्यूज***

***खुटहन ( जौनपुर )।*** *10 जून पुलिस ने "ऑपरेशन वज्रपात" के तहत सोशल मीडिया पर रंगबाजी और दहशत फैलाने वाले एक युवक को गिरफ्तार कर चलान न्यायालय भेज दिया। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह के अनुसार गौरा गजेन्द्रपुर गांव निवासी प्रदीप गौतम सोशल मीडिया पर भड़काऊ एवं भय का माहौल बनाने वाले वीडियो और पोस्ट प्रसारित कर रहा था।*

*क्षेत्र में शांति व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका के चलत उसे गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में निरुद्ध किया गया।*

# तहसील परिसर में अधिवक्ताओं में हुई जमकर मारपीट



**तरूणमित्र न्यूज**

**मछलीशहर।** तहसील परिसर में उस समय अजीबोगरीब स्थिति पैदा हो गई जब अधिवक्ता समूह में आपस में जमकर मारपीट शुरू हो गई। बताया जाता है बुधवार को दो अधिवक्ता गुटों में किसी बात को लेकर वाद विवाद शुरू हो गया और देखते ही देखते दोनों गुट आपस में भिड़ गए और जमकर मारपीट शुरू हो गई और दोनों पक्षों के लोगों को चोटें भी आई। तहसील परिसर में हाई वोल्टेज ड्रामा देखने के लिए अधिवक्ताओं, वादकारियों और तहसील कर्मियों की भारी भीड़ इकट्ठी हो गई।

शोर शराबा सुनकर मौके पर पहुंचे कुछ वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने दोनों पक्षों में बचाव कर मामला शांत किया। अधिवक्ताओं की लड़ाई व मारपीट चर्चा तहसील में चर्चा का विषय बनी हुई है। अधिवक्ता संघ पूर्व अध्यक्ष एवं एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष दिनेश चंद्र सिन्हा ने बताया कि मैं स्वयं मौके पर पहुंचकर बीच बचाव किया,जबकि बीच बचाव करने में मुझे भी आई।

कोतवाल विनीत राय ने कहा कि अभी अधिवक्ताओं के किसी पक्ष से कोई तहरीर नहीं आई है। तहरीर मिलने पर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# जल खाते की जमीन पर दबंगों का कब्जा, जल स्रोत का अस्तित्व समाप्त

**तरूणमित्र न्यूज**

**मड़ियाहूँ ( जौनपुर )।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के बराई खुर्द गांव स्थित जल खाते की 15 बिस्वा जमीन पर दबंगों द्वारा कब्जा कर उसके स्वरूप को बदला जा रहा है। ग्रामीणों द्वारा इसकी शिकायत कई बार जनसुनवाई पोर्टल पर किया गया। आरोप है कि दबंगों के प्रभाव के चलते शिकायत का निस्तारण करने वाले कर्मचारियों व अधिकारियों द्वारा तथ्यों को छिपा कर रिपोर्ट लगाकर भेज दिया जाता है जिससे दबंगो पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हो पा रही है। गांव निवासी दिलीप सरोज द्वारा मुख्यमंत्री को पत्र लिख कर व जन सुनवाई पोर्टल के माध्यम से की गई शिकायत के अनुसार उक्त गांव के राजस्व अभिलेखों में लगभग 15 बिस्वा जल खाता है जिसका पुराना नंबर 156 है।

जो कि फार्म 45 के खाता नंबर 271 में जल खाता के रूप में दर्ज है। 1356 फ़सली के अराजी नंबर 156 में भी जल खाता दर्ज है जिसका वर्तमान खतौनी नंबर 87 है। जो सार्वजनिक जल संचयन और पर्यावरण संतुलन के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। गाँव के कुछ दबंग व्यक्तियों द्वारा उक्त जल खाते के जमीन को काट कर पूरी तरह पाट कर अवैध कब्जा कर जल स्रोत के अस्तित्व को समाप्त कर दिया गया है। इसके पूर्व में भी आईजीआरएस के माध्यम से शिकायत की गई थी जिस पर राजस्व कर्मियों द्वारा दबंगो से सांठ गांठ कर मामले को दबा दिया गया। जनहित में उक्त जमीन को दबंगों द्वारा मुक्त कराकर उसके मूल स्वरूप में बहाल किया जाना अत्यंत आवश्यक है।

# उत्तर प्रदेश में भी लागू हो 'लाडली बहन योजना', भारतीय किसान मजदूर संयुक्त यूनियन ने उठाई मांग



**तरूणमित्र न्यूज**

**मीरगंज।** भारतीय किसान मजदूर संयुक्त यूनियन के जिला कार्यालय जंघई पर बुधवार (10 जून 2026) को यूनियन और क्षेत्र की महिलाओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिला अध्यक्ष (जौनपुर) अमरनाथ यादव के नेतृत्व में हुई इस बैठक में मध्य प्रदेश, दिल्ली, कोलकाता और असम की तर्ज पर उत्तर प्रदेश में भी महिलाओं को सशक्त और आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने के लिए %मुख्यमंत्री लाडली बहन योजना% लागू करने की पुरजोर मांग की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष बृजमोहन यादव ने कहा कि देश के माननीय प्रधानमंत्री उत्तर प्रदेश की वाराणसी सीट से तीसरी बार ऐतिहासिक जीत दर्ज कर देश के प्रधानमंत्री बने हैं। इस लिहाज से वाराणसी से सटे हुए जिलों— जौनपुर, भदोही और प्रयागराज की महिलाओं के हितों का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए और पूरे उत्तर प्रदेश में इस कल्याणकारी योजना को तत्काल लागू किया जाना चाहिए। इस अवसर पर पूर्वांचल प्रभारी सालिक राम यादव ने अपनी बात रखते हुए कहा कि देश में एक समान व्यवस्था होनी चाहिए। जो वित्तीय और सामाजिक सुविधाएं देश के अन्य राज्यों में महिलाओं को मिल रही हैं, वही सुविधाएं उत्तर प्रदेश की महिलाओं के उत्थान और सशक्तिकरण के लिए भी लागू की जानी चाहिए। यूनियन पदाधिकारियों ने बताया कि आज की बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास किया गया है। इस संबंध में कल (गुरुवार) यूनियन का एक प्रतिनिधिमंडल माननीय मुख्यमंत्री महोदय को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी जौनपुर को सौंपेगा।

इस बैठक में क्षेत्र की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी आवाज बुलंद की। इस मौके पर मुख्य रूप से पूनम देवी, श्रीदेवी, सरिता देवी, सावित्री देवी, संगीता देवी, विद्या देवी, पुष्पा देवी, सुशीला, निर्मला, कुसुम, फुलगेना, झूला, और राजकुमारी सहित भारी संख्या में महिलाएं व यूनियन के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पुरानी रंजिश में चाचा-भतीजे को लाठी-डंडों से पीटा, चार पड़ोसियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**तरूणमित्र न्यूज**

**जंघई।** क्षेत्र के अंतर्गत अमाई गांव में पुरानी रंजिश को लेकर एक व्यक्ति और उसके भतीजे पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। पड़ोसियों ने मामूली कहासुनी के बाद लात-घूंसों और लाठी-डंडों से पीड़ित पक्ष को बेरहमी से पीटा और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी गई शिकायत में अमाई गांव निवासी राजेश कुमार सरोज (पुत्र स्वर्गीय पृथ्वी पाल सरोज) ने बताया कि 8 जून 2026 की सुबह करीब 9.15 बजे पुरानी रंजिश को लेकर उनके पड़ोसियों ने विवाद शुरू कर दिया। देखते ही देखते बात इतनी बढ़ गई कि आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए लाठी, डंडों और लात-घूंसों से उन पर हमला कर दिया

तहरीर के अनुसार, मारपीट के दौरान जब राजेश कुमार जमीन पर गिर गए, तो आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी। बीच-बचाव करने आए उनके भतीजे आदित्य सरोज (पुत्र अशोक सरोज) को भी हमलावरों ने बुरी तरह पीटा, जिससे वह भी घायल हो गया। पीड़ित की शिकायत के आधार पर मीरगंज पुलिस ने गांव के ही चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है जिसमे संजीव कुमार सरोज (पुत्र यजनारायण सरोज) सूरज कुमार सरोज (पुत्र यजनारायण सरोज)

यजनारायण सरोज (पुत्र स्वर्गीय रामकिशोर सरोज) ?सोनू गुप्ता (पुत्र लल्लन गुप्ता) शामिल है। मीरगंज थानाध्यक्ष अरविंद सिंह का कहना है की पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

इस मामले की जांच चौकी प्रभारी जंघई सुनील कुमार यादव को सौंपी गई है।

# भारतीय मानव समाज पार्टी ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**तरूणमित्र न्यूज**

**जौनपुर।** भारतीय मानव समाज पार्टी ने विभिन्न मागों को लेकर बुधवार को जिला प्रशासन के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में कहा गया है कि आजाद बिंद (दूल्हा) हत्याकांड– गत 1 मई 2026 को जौनपुर में बारात ले जा रहे दूल्हे आजाद बिंद की निर्मम हत्या कर दी गई थी। घटना को बीते लंबा समय हो जाने के बावजूद प्रशासन मुख्य आरोपियों को पकड़ने में पूरी तरह नाकाम रहा है। इस ढुलमुल कार्रवाई से पीड़ित परिवार और आम जनता में गहरा असंतोष है। न्याय प्रक्रिया की गरिमा बनाए रखने के लिए इस पूरे प्रकरण की एक उच्चस्तरीय जांच कमेटी गठित की जाए और शेष फरार दोषियों को तुरंत गिरफ्तार कर कड़ी सजा दिलाई जाए।

गाजीपुर का कमलेश बिंद एनकाउंटर मामला: गाजीपुर जिले में कमलेश बिंद के पुलिस एनकाउंटर की टाइमिंग और पुलिसिया कार्यशैली पर पीड़ित परिवार तथा समाज द्वारा गंभीर सवाल उठाए जा रहे हैं। जब भारतीय संविधान और न्यायपालिका में आरोपियों को आत्मसमर्पण (सरेण्डर) करने और निष्पक्ष मुकदमे की स्पष्ट व्यवस्था है, तो ऐसी स्थिति में एनकाउंटर जैसी कार्रवाई संदेह पैदा करती है। इस मामले में भी मुख्य आरोपियों की गिरफ्तारी न होना और एकतरफा कार्रवाई कानून के राज पर सवाल खड़ी करती है। जनता का भरोसा बहाल करने के लिए इस एनकाउंटर की सीबीआई जांच कराई जाए ताकि दूध का दूध और पानी का पानी हो सके।हमारी मुख्य मांगें: जौनपुर हत्याकांड के फरार आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार कर फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाया जाए। गाजीपुर पुलिस मुठभेड़ (एनकाउंटर) की निष्पक्ष केंद्रीय एजेंसी (CBI) से जांच कराई जाए। पीड़ित परिवारों को सुरक्षा और उचित आर्थिक मुआवजा प्रदान किया जाए। अत: आपसे विनम्र निवेदन है कि देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर आसीन होने के नाते आप इस मामले का संज्ञान लें और राज्य सरकार को उचित कदम उठाने के निर्देश जारी करने की कृपा की जाए। इस अवसर पर रामधनी बिंद, रामकुमार, विजय बहादुर समेत मौजूद रहे।

# मुख्य चिकित्साधिकारी ने सीएचसी की व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

## प्रसूताओं एवं नवजातों की विशेष स्वास्थ्य निगरानी के दिए निर्देश



**तरूणमित्र न्यूज**

**मछलीशहर।** मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. गंगाराम गौतम ने मंगलवार सायंकाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) मछलीशहर का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने परिसर में स्थापित ऑक्सीजन प्लांट सहित विभिन्न विभागों की व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया।

सीएचसी पहुंचने पर उन्होंने सबसे पहले भर्ती प्रसूताओं का हालचाल जाना तथा उनके साथ मौजूद परिजनों से स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं और व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने सीएचसी अधीक्षक डॉ. अजय सिंह को प्रसूताओं एवं नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य की विशेष निगरानी रखने तथा बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी ने लेबर रूम, मेडिसिन स्टोर, चिकित्सक कक्ष, पैथोलॉजी लैब तथा स्वास्थ्य केंद्र की साफ-सफाई व्यवस्था का अवलोकन किया।

डिलीवरी रूम सहित विभिन्न कक्षों के शौचालयों की स्वच्छता देखकर उन्होंने संतोष व्यक्त किया। उन्होंने आपातकालीन सेवाओं में मरीजों के लिए उपलब्ध दवाओं की भी जांच की तथा अधीक्षक समेत सभी चिकित्सकों को मरीजों को बाहर की जांच और दवाएं लिखने से बचने तथा अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीएचसी अधीक्षक डॉ. अजय सिंह के अलावा डॉ. अमरेश अग्रहरि, डॉ. शैलेश कुमार, हृदय नारायण, अजीत कुमार सहित अन्य चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

# पुरानी रंजिश में वर्तमान और पूर्व प्रधान पक्ष भिड़े, 11 पर मुकदमा

**तरूणमित्र न्यूज**

**खुटहन ( जौनपुर )।** 10 जून पटैला बाजार में पुरानी रंजिश को लेकर वर्तमान महिला ग्राम प्रधान के पति और पूर्व प्रधान पक्ष के बीच मारपीट हो गई। दोनों पक्षों की तहरीर पर पुलिस ने कुल 11 नामजद आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव की वर्तमान महिला प्रधान के पति रामफेर वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि वह 6 जून को पटैला बाजार गए थे।

वहां पुरानी रंजिश के चलते पूर्व प्रधान राकेश वर्मा, सिंटू वर्मा, विशाल, अभिषेक और विवेक वर्मा ने उन्हें घेर लिया तथा लात-घूंसों से मारपीट कर घायल कर दिया। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से सिंटू वर्मा ने थाने में दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि वह 6 जून की शाम पटैला बाजार से घर लौट रहा था।

सब्जी मंडी के पास रामफेर वर्मा, प्रमोद, सनोज, किसन, सोनू और सत्यम वर्मा ने उसे घेरकर लात-घूंसों व डंडों से पीट दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग जुटने लगे तो हमलावर मौके से फरार हो गए पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर कुल 11 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# दियावां महादेव मंदिर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया पूजन, प्रधानमंत्री मोदी के उत्तम स्वास्थ्य व राष्ट्र समृद्धि की कामना



**तरूणमित्र न्यूज**

**बरसठी, जौनपुर।** माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण एवं राष्ट्र निर्माण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बुधवार को बरसठी क्षेत्र स्थित दियावां महादेव मंदिर परिसर में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा विशेष पूजन-अर्चन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु तथा देश के निरंतर विकास एवं समृद्धि की कामना की गई।

पूजन कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भगवान महादेव का विधि-विधान से पूजन कर विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की प्रगति, सुशासन और जनकल्याणकारी योजनाओं की सराहना की। कार्यक्रम में जिला महामंत्री अभिषेक रावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन और गरीब कल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है, जिससे देश आत्मनिर्भर और विकसित भारत की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

इस अवसर पर संतोष मिश्रा, जितेंद्र दुबे, ब्रह्मदेव तिवारी, मुकेश सिंह, विशाल शुक्ला, रमेश दुबे, आशीष अलंकार, हरीश चंद्र मौर्य सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र की उन्नति, जनकल्याण और विकसित भारत के निर्माण की मंगलकामनाओं के साथ हुआ। भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के संकल्प को दोहराया।

# करादे में बिना रुके लगातार इतिहास रचने वाले सबसे कम आयु के त्रिशांत प्रियव्रत का प्रदर्शन, हुए सम्मानित

**वाराणसी।** चितईपुर स्थित अभिनंदन वाटिका में जन सुरक्षा अकादमी ऑफ मार्शल आर्ट एवं सोतोकान कराते एशोसिएशन द्वारा कलर एंड ब्लैक बेल्ट का आयोजन किया गया। इसमें 5 वर्ष 6 माह त्रिशांत प्रियव्रत जो सोतोकान कराटे के सभी 12 काता को बिना रुके लगातार करके इतिहास रचने वाले सबसे कम आयु के खिलाड़ी बने। यह असाधारण उपलब्धि सोतोकान कराटे डी में उनके उत्कृष्ट अनुशासन सहनशक्ति और निपुणता को दर्शाती है। इनका अन्य विश्व रिकॉर्ड भी रहा है। भारत के राष्ट्रीय गान को इलेक्ट्रॉनिक कीबोर्ड पर बजाने वाले सबसे कम आयु और सबसे तेज व्यक्ति इंडिया बुक ऑफ़ रिकार्ड्स एवं इंटरनेशनल बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज है।

सबसे कम आयु के बैल्क बेल्ट कलाम वर्ल्ड रिकॉर्ड एवं इंटरनेशनल बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज एवं 44 मिनट के भीतर पांच अलग-अलग बाघयंत्रों पर 20 गाने बजाने वाले सबसे कम आयु के व्यक्ति का नाम वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हैं।



# यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा के आखिरी दिन डीएम ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

## जिलाधिकारी ने अभ्यर्थियों से सुविधाओं एवं परीक्षा संबंधी व्यवस्थाओं की ली जानकारी

**तरुणमित्र न्यूज**

**मऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा-2025 को सकुशल, निष्पक्ष, नकलविहीन एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी आनंद वर्द्धन ने परीक्षा के तीसरे एवं आखिरी दिन जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक कमलेश बहादुर भी उनके साथ निरीक्षण में शामिल रहे।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों की प्रवेश प्रक्रिया, सीसीटीवी निगरानी, बैठने की व्यवस्था, पेयजल, शौचालय एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं के बारे में जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए।



तीसरे एवं आखिरी दिन परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश देते डीएम साथ में एसपी।

उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर तैनात केंद्र व्यवस्थापकों, कक्ष निरीक्षकों एवं अन्य कार्मिकों को परीक्षा को पूर्णत: निष्पक्ष, पारदर्शी एवं नकलविहीन वातावरण में संपन्न कराने के निर्देश दिए। डीएम ने परीक्षा में सम्मिलित होने आए अभ्यर्थियों से संवाद स्थापित कर उनकी सुविधाओं एवं परीक्षा संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की।

उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा जारी समस्त दिशा-निर्देशों का अक्षरश: अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। परीक्षा की शुचिता एवं पारदर्शिता बनाए रखने में किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

इस दौरान जिलाधिकारी ने तहसील मुहम्मदाबाद गोहना स्थित संतगणिनाथ पीजी कॉलेज एवं टाउन इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया।

इसके उपरांत उन्होंने जनपद मुख्यालय स्थित अन्य परीक्षा केंद्रों का भी निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपाजनों ने मनाया जश्न

**तरुणमित्र न्यूज**

**बहादुरगंज ( गाजीपुर )।** केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एवं सबसे ज्यादा दिनों तक प्रधानमंत्री पद पर रहने वाले पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू का रिकॉर्ड तोड़ने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक जश्न मनाया। इस अवसर पर क्षेत्र के प्राचीन मंदिर माता चंडी धाम पर पूजा-अर्चना कर देश की उन्नति, समृद्धि और जनकल्याण की कामना की गई।

कार्यक्रम की शुरुआत मां चंडी धाम के पुरोहित राहुल तिवारी 'बाबा' के वैदिक मंत्रोच्चार से प्रारंभ हुई और हवन और प्रसाद वितरण से सम्पन्न हुई। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्णबिहारी राय और कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में हुए विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा में हुई वृद्धि को ऐतिहासिक बताया। वहीं एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया और सरकार की उपलब्धियों पर चर्चा की। कृष्णबिहारी राय ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में देश ने आधारभूत संरचना, डिजिटल तकनीक, सड़क, रेल, स्वास्थ्य और गरीब कल्याण के क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है। सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि



चण्डी धाम पर मां की जयकराते लगाते भाजपाजन।

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व मंच पर एक मजबूत और आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में उभरा है।

इस दौरान कार्यकर्ताओं ने सरकार की नीतियों और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प भी लिया।

कार्यक्रम में जिला मंत्री मयंक राय, मंडल अध्यक्ष शुभांशु मिश्रा, अजय सिंह, हरिशंकर राय, रामायण गुप्ता, गिरीश निरंजन, चंदन गुप्ता, अरविंद प्रजापति, अजय राय, श्याम बिहारी वर्मा, शक्ति जायसवाल, वंशी राम, रंजीत राणा, कौशल त्रिपाठी, नीतीश उपाध्याय, अशोक राय सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कृषकों को दी गई योजनाओं की जानकारी

**तरुणमित्र न्यूज**

**मऊ।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनपद में संचालित समेकित जन कल्याण एवं जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत 'खेत बचाओ अभियान' के तहत विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम का आयोजन विकासखंड कोपागंज के ग्राम अलीनगर, विकासखंड रतनपुरा के ग्राम इटौरा तथा विकासखंड परदहां के ग्राम मंसड़ी में बुधवार को किया गया।

जिलाधिकारी द्वारा नामित डे-ऑफिसर के रूप में जिला उद्यान अधिकारी राम सिंह ने कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए उपस्थित कृषकों को उद्यान विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने फल, सब्जी एवं



विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम को संबोधित करते डे-आफिसर।

पुष्प उत्पादन को बढ़ावा देने, संरक्षित खेती, ड्रिप एवं स्प्रिंकलर सिंचाई, पौधरोपण तथा उद्यानिकी विकास से संबंधित योजनाओं के लाभों के बारे में बताया। उन्होंने कृषकों से विभागीय योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाकर अपनी आय में वृद्धि करने का आह्वान किया। कार्यक्रमों में कृषि एवं कृषि से संबद्ध विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा कृषि विभाग, उद्यान विभाग, पशुपालन विभाग, मत्स्य विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा भी किसानों की समस्याओं का समाधान किया गया तथा उन्हें विभिन्न योजनाओं में आवेदन की प्रक्रिया एवं पात्रता संबंधी जानकारी प्रदान की गई। उपस्थित कृषकों ने कार्यक्रम में रुचिपूर्वक सहभागिता करते हुए विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त की तथा सरकार द्वारा किसानों के हित में संचालित कार्यक्रमों की सराहना की।

जनपद में संचालित यह अभियान कृषकों को जागरूक बनाने तथा कृषि क्षेत्र के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। कार्यक्रमों में कृषि एवं कृषि से संबद्ध विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा विभागीय योजनाओं, नवीन कृषि तकनीकों तथा सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

# बीएसएस परशुराम सेना के घोसी तहसील अध्यक्ष बने शिवेन्द्र नारायण उपाध्याय

**तरुणमित्र न्यूज**

**दोहरीघाट ( मऊ )।** ब्राह्मण समाज के संगठनात्मक विस्तार एवं सामाजिक हितों को मजबूत करने के उद्देश्य से बीएसएस परशुराम सेना द्वारा जनपद के घोसी तहसील इकाई में नई नियुक्ति की गई है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनाथ पाण्डेय एवं प्रदेश अध्यक्ष पंडित अजीत कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में शिवेन्द्र नारायण उपाध्याय को घोसी तहसील अध्यक्ष पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।

शिवेन्द्र नारायण उपाध्याय, पुत्र रामरेखा उपाध्याय, निवासी गोंठा, दोहरीघाट, जनपद मऊ को संगठन की जिला कार्यकारिणी के अंतर्गत घोसी तहसील अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति से क्षेत्र के ब्राह्मण समाज एवं संगठन के कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। संगठन के पदाधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया है कि शिवेन्द्र नारायण उपाध्याय अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए ब्राह्मण समाज के हितों की रक्षा एवं उत्थान के लिए सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

नियुक्ति की सूचना मिलते ही क्षेत्र के गणमान्य लोग, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं संगठन के पदाधिकारियों ने श्री उपाध्याय को बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। लोगों ने उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा समाज के हितों के लिए प्रभावी ढंग से कार्य करेगा।

## संक्षिप्त सामाचार

### केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर पंचायती राज विभाग आयोजित कर रहा कार्यक्रम

*तरुणमित्र न्यूज*

*मऊ। केंद्र सरकार के सफलतापूर्वक 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 5 से 21 जून तक सोलह दिवसीय संचालित विशेष जनकल्याण एवं जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत पंचायती राज विभाग द्वारा जनपद की समस्त ग्राम पंचायतों एवं मलिन बस्तियों में व्यापक स्तर पर स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं जन जागरूकता संबंधी गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इस विशेष अभियान के तहत ग्राम पंचायतों, सार्वजनिक स्थलों, सामुदायिक परिसरों, विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों तथा मलिन बस्तियों में साफ-सफाई का विशेष अभियान चलाया जा रहा है।*

*सफाई कर्मियों एवं ग्राम पंचायत अधिकारियों के सहयोग से नालियों की सफाई, कूड़ा-कचरे का निस्तारण, सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता तथा स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण कर ग्रामीणों को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने तथा उनकी देखभाल करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसके माध्यम से हरित वातावरण के निर्माण तथा पर्यावरण संतुलन बनाए रखने का संदेश दिया जा रहा है। जिला पंचायती राज अधिकारी कुमार अमरेंद्र ने बताया कि अभियान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों एवं मलिन बस्तियों में स्वच्छता को बढ़ावा देना, पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना है। अभियान अवधि के दौरान विभिन्न ग्राम पंचायतों में लगातार कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे अधिकाधिक लोगों को इसका लाभ प्राप्त हो सके। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे स्वच्छता एवं वृक्षारोपण कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता निभाएं तथा सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ प्राप्त कर अपने जीवन स्तर को बेहतर बनाने में सहयोग करें।*

### जन सामाधान की अवधारणा पर आधारित रहा नगरवासियों से जनसंवाद: ईओ

*तरुणमित्र न्यूज*

*मऊ। अधिशासी अधिकारी डा. मणि भूषण तिवारी ने बुधवार को जारी विज्ञप्ति में बताया कि केन्द्र सरकार के 12 वर्ष व राज्य सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के ऐतिहासिक अवसर पर नगर पालिका परिषद मऊनाथ भंजन द्वारा जन चौपाल का आयोजन कर आम लोगों से बातचीत की गयी। इस अवसर पर लाभार्थीपरक योजनाओं के तहत पी.एम. स्वनिधि, पी.एम. आवास, स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत वार्ड न0 1 गालिबपुर में मेला लगा कर लोगों को जागरूक किया गया। वहां के लोगों को जन संवाद के दौरान पालिका द्वारा सरकार की जनकल्याणकारी योनाओं से अवगत कराया गया। ये जनसंवाद जन सामाधान की अवधारणा पर आधारित रहा। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि पी.एम.स्वनिधि के अन्तर्गत 'लोक कल्याण मेले' में कुल 20 पथ विक्रेताओं का रजिस्ट्रेशन किया गया। पी.एम. आवास के तहत 2 लाभार्थियों को सम्बन्धित आवासों की चाबी भी दी गयी है तथा भारत सरकार से प्राप्त परिचय बोर्ड का भी वितरण किया गया। इसके अलावा स्वच्छ भारत मिशन के तहत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन अधिनियम-2026 के दिशा निर्देशों के प्रति आवासीय नागरिकों को जागरूक करते हुये आवासीय घरों से कचरा एकत्रीकरण एवं सेग्रीगेशन हेतु चार प्रकार की डस्टबिनों का वितरण किया गया। मौके पर राजस्व निरीक्षक बलराम पाण्डेय, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सत्य प्रकाश व राजीव कुमार शुक्ला, डूडा से मोहम्मद रिजवान एवं पालिका के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।*

### पिपरा निवासी स्व. जीउत पाण्डेय की मनायी गयी 11वीं पुण्यतिथि

*तरुणमित्र न्यूज*

*मर्यादपुर ( मऊ )। मधुबन नगर पंचायत के वार्ड नंबर 13 स्थित गुप्ता गली, पिपरा निवासी स्व. जीउत पाण्डेय (सेवानिवृत्त बड़े बाबू, डाकघर) की 11वीं पुण्यतिथि पर बुधवार को उनके आवास पर मनाई गई। इस अवसर पर परिजनों, शुभचिंतकों, सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया तथा उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने स्व.जीउत पाण्डेय के सामाजिक सरोकारों, ईमानदार कार्यशैली एवं सरल स्वभाव को याद किया। लोगों ने कहा कि उन्होंने अपने जीवनकाल में समाज और परिवार के लिए जो योगदान दिया, जो आज भी लोगों के लिए प्रेरणास्रोत बना हुआ है। पुण्यतिथि कार्यक्रम में भैरव नाथ पाण्डेय, पवन पाण्डेय, यज्ञदत्त पाण्डेय, धनंजय पाण्डेय, सारंगधर पाण्डेय, हिमांशु पाण्डेय, भाजपा नेता सतीश पाण्डेय, पूर्व प्रधान बबलू पाण्डेय, रमेश यादव, धर्मेंद्र मौर्य, राहुल, व्यापार मंडल अध्यक्ष बबलू ठठेरा, भाजपा महामंत्री राहुल दीक्षित, मनोज शुक्ला, बलवंत चौधरी, सभासद राजकुमार राजभर, प्रधान आनंद उर्फ सन्नी मल्ल, ऋषभ मल्ल, रिंकू सिंह , प्रधान लक्ष्मण गुप्ता, सुरेन्द्र तिवारी सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।*

### शिमला नर्सिंग होम का स्वास्थ्य एवं पुलिस विभाग ने किया औचक निरीक्षण

*तरुणमित्र न्यूज*

*मर्यादपुर ( मऊ )। मधुबन तहसील क्षेत्र के मर्यादपुर बाजार स्थित शिमला नर्सिंग होम पर बुधवार की दोपहर स्वास्थ्य एवं पुलिस विभाग ने संयुक्त रूप ने छापा मारा। नर्सिंग होम में मरीज तो नहीं मिला मगर कागजात मांगने पर अस्पताल संचालक द्वारा कोई कागजात नहीं दिखाया गया। पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग संयुक्त कार्रवाई से अवैध अस्पताल संचालकों में हड़कंप मचा रहा। सूरजपुर निवासी प्रवीण सिंह पुत्र कैलाश ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया था की मर्यादपुर बाजार स्थित शिमला नर्सिंग होम अवैध रूप से संचालित हो रहा है जिस में अप्रशिक्षित चिकित्सक है जिन के पास न कोई डिग्री है न डिप्लोमा है। मानक के विपरीत अस्पताल का संचालन किया जाता है। जिलाधिकारी के निर्देश पर नायब तहसीलदार गौरव प्रताप सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतहपुर मंडाव के स्वास्थ्य अधीक्षक राजीव कुमार पांडे एवं रामपुर थाना प्रभारी सुनील कुमार सरोज ने संयुक्त रूप से मर्यादपुर बाजार स्थित शिमला नर्सिंग होम पर छपा मारी किया जहां चिकित्सक तो नादारद मिला। मगर संचालक मौके पर मौजूद रहा जिस से अधिकारियों ने कागजात मांगा तो वह कागजात दिखाने में असमर्थ रहा। इस कार्यवाही से अवैध रूप से संचालित अस्पताल संचालकों में हड़कंप मचा रहा।*

*वही शिमला नर्सिंग होम के संचालक अमरजीत मौर्या ने बताया की नर्सिंग होम को भाड़े पर दिया है। उसे नर्सिंग होम से कोई लेना देना नहीं है।*

# विदेशी आक्रमणकारियों के विरुद्ध संघर्ष कर महाराजा ने देश और संस्कृति की रक्षा की: रामाश्रय मौर्य

**तरुणमित्र न्यूज**

**घोसी ( मऊ )।** महाराजा सुहेलदेव के विजय दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा मोर्चा के नेतृत्व में घोसी क्षेत्र में बुधवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गयी। जो मझवारा मोड़ से प्रारंभ होकर धरौली मोड़ तक निकाली गई, जिसमें पिछड़ा मोर्चा के कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शोभायात्रा के दौरान कार्यकर्ताओं ने महाराजा सुहेलदेव के वीरता, राष्ट्रभक्ति एवं सामाजिक समरसता के संदेशों का प्रचार-प्रसार किया।

यात्रा में शामिल लोगों ने जयघोष करते हुए महाराजा सुहेलदेव के जीवन और उनके ऐतिहासिक योगदान को स्मरण किया। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर लोगों ने शोभायात्रा का स्वागत किया। भाजपा पिछड़ा मोर्चा के जिलाध्यक्ष रामाश्रय मौर्य ने कहा कि राष्ट्ररक्षक महाराजा सुहेलदेव




रैली निकालते भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा मोर्चा के लोग।

भारतीय इतिहास के महान योद्धा थे। उन्होंने विदेशी आक्रमणकारियों के विरुद्ध संघर्ष कर देश और संस्कृति की रक्षा की। उनका जीवन समाज को राष्ट्रसेवा, साहस और एकता का संदेश देता है।

शोभा यात्रा में सम्मिलित कार्यकर्ताओं ने कहा कि महाराजा सुहेलदेव के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से यह शोभायात्रा आयोजित की गई है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में पिछड़ा समाज के कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही। शोभायात्रा शांतिपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक सम्मिलित हुए। इस अवसर पर शक्ति सिंह, अखिलेश राजभर, मुखराम राजभर, नीतीश राजभर, रूपेंद्र राजभर, दीपक, जयहिंद, कमलेश, सेवक, सिकंदर सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल रहे।

# 12 सालों में भी नहीं बन सका नाले का पुल एप्रोच मार्ग



ग्रामसभा गरथौली में किसानों संग प्रदर्शन करते देवप्रकाश राय।

- ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर पुल एप्रोच मार्ग जल्द बनवाने की मांग की
- कोपागंज ब्लाक के गरथौली गांव का है मामला

**तरुणमित्र न्यूज**

**मऊ।** कोपागंज ब्लाक के गरथौली गांव से होकर बनने वाले नाले पर पुल 12 सालों में भी निर्माण पूरा नहीं हो सका। तत्कालीन विधायक स्वर्गीय सुधाकर सिंह के प्रयास से पुल का निर्माण तो हो गया लेकिन दोनों तरफ से पहुंच मार्ग का निर्माण नहीं हो सका और पुल उसी तरह बनकर खड़ा है। शासन और विभागीय अधिकारियों की लापरवाही के चलते यह पुल निष्प्रयोजित पड़ा है। अधिकारियों की लापरवाही के विरोध में बुधवार को किसान नेता देवप्रकाश राय के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया और एप्रोच मार्ग जल्द बनवाने की मांग की। राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश महासचिव देवप्रकाश राय ने बताया कि ग्राम सभा गरथौली विकासखंड कोपागंज में वर्ष 2014 के तत्कालीन विधायक स्वर्गीय सुधाकर सिंह के प्रयास से गांव के पश्चिम नाले पर करीब डेढ करोड रुपए की लागत से जनता की कठिनाइयों को देखते हुए लोग निर्माण विभाग प्रांतीय खंड मऊ से पुल का निर्माण कराया गया। जिसके अप्रोच निर्माण हेतु अधिकांश किसानों को भूमि के प्रतिकार का भुगतान कर दिया गया, किंतु तीन चार किसानों ने मऊ दीवानी न्यायालय से स्थगन आदेश प्राप्त कर मार्ग अप्रोच निर्माण को रोकवा दिया इससे वर्ष 2014 में करीब डेढ करोड रुपए से निर्मित पुल निप्रयोज्य होकर खड़ा है। पुल का निर्माण पूरा हो जाने के बाद एप्रोच मार्ग का निर्माण न होने से बरसात के दिनों में जनता को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

लोक निर्माण विभाग की निष्क्रियता एवं जिला प्रशासन की उच्चाधिकारियों के संज्ञान में न लेने के कारण पुल के अप्रोच निर्माण पिछले 12 वर्षों में पूरा नहीं किया जा सका। किसान नेता का कहना है कि अधिशासी अभियंता या सहायक अभियंता यदि अदालत में पैरबी किए होते तथा जिलाधिकारी के संज्ञान में यह मामला लाया गया होता तो अब तक कभी का एप्रोच मार्ग बन चुका होता और जनता की कठिनाइयां दूर हो गई होती। राष्ट्रीय लोकदल के नेता ने नवागत जिलाधिकारी से स्थलीय निरीक्षण हेतु सादर अनुरोध कर कहा है कि स्थलीय निरीक्षण लोक निर्माण विभाग को आवश्यक निर्देश देने से समस्या का यथाशीघ्र हल संभव हो सकेगा। विरोध प्रदर्शन करने वालों में सुभाष चौरसिया, रामभवन राम, रामजी राजभर, गिरजा शंकर मौर्य, पंचम राजभर, मेवालाल राजभर, मनोज कुमार मौर्य, महेंद्र सिंह, अभिमन्यु राम, परशुराम साहनी, रामबली साहनी, रामप्यारे साहनी आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

**सूचना:-** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मै सगा चार भाई हूं मेरा छोटा भाई हिमांशु मौर्य का चाल-चलन ठीक नहीं है इसलिए उससे अलग रहता हूं। अगर वह कोई अपराधिक कृत्य करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार है। मुझसे कोई लेना-देना नहीं है।

**पंकज मौर्य पुत्रश्री पप्पू मौर्य**
**मो0- सुल्तानपुर हाय**
**थाना- कोतवाली**
**जिला- जौनपुर**

शुभ लग्न ऑफर
शुद्धता और विश्वास, अब आपके और भी पास
मेसर्स- परसोत्तम राम
अजीत कुमार बैंकर्स एण्ड ज्वैलर्स
ए.सी. शोरूम



त्योहारों के उपलक्ष्य में कोठी परसोत्तम राम अजीत कुमार बैंकर्स एण्ड ज्वैलर्स प्रस्तुत करते हैं
देश एवं विदेश के सर्वोत्तम कारीगरों द्वारा निर्मित उत्कृष्ट डिजाइनर ब्राण्डेड ज्वैलरी
हमारे यहां सोने, चांदी और डायमण्ड की फैन्सी ब्राण्डेड ज्वैलरी मिलती है। साथ ही साथ सोने, चांदी के सिक्के, रत्न, उपरत्न एवं मूर्ति भी उपलब्ध है। एक बार सेवा का अवसर दें।
कोतवाली चौराहा, अलफस्टीनगंज, स्टेशन रोड, जौनपुर
नोट:- हमारी कोई अन्य शाखा नहीं है।
रविन्द्र बैंकर, संस्कार बैंकर, दिव्यांस बैंकर
मो.: 09838435680

रजि. नं. 49166 ( U.P. )
हिमानी हॉस्पिटल
(अत्याधुनिक महिला चिकित्सा केन्द्र)



डा. शैली निगम
M.B.B.S.,M.D. (Obst & Gynae)
प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
गोल्ड मेडलिस्ट, के.जी.एम.सी., लखनऊ
हेल्पलाइन नं. 7800785686
भूतपूर्व सर्जन: गुरुतेग बहादुर अस्पताल एवं यूनिवर्सिटी कालेज ऑफ मेडिकल साइंसेज, दिल्ली • कस्तूरबा अस्पताल, दिल्ली
डा. आदित्य निगम
M.B.B.S.,M.S. (Ortho.)
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
ट्रामा, आर्थराइटिस एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन
भूतपूर्व सर्जन: • डा. एल.एच. हीरानदानी हॉस्पिटल, मुंबई • ई.एस.आई. हॉस्पिटल, दिल्ली



डा. तुषार मोहन
जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन
(प्रतिमाह आखिरी रविवार को उपलब्ध)
सुविधायें
• गाइनी- अल्ट्रासाउण्ड
• सामान्य एवं अतिगंभीर गर्भावस्था • आधुनिक तकनीक से बच्चेदानी (छक्टभ)
• इन्फर्टिलिटी विशेषज्ञ एवं अन्य आपरेशन
• कैंसर से बचाव एवं टीकाकरण • कॉल्पोस्कोपी • हिस्ट्रोस्कोपी • लैप्रोस्कोपी
सुविधायें
• आर्थो • प्लास्टर
• ज्वाइंट एन्जेक्शन
• ट्रामा ज्वाइंट रिप्लेसमेंट एवं अन्य आपरेशन
पता - डा. मन मोहन श्रीवास्तव
सीनियर फिजीशियन एवं हृदय रोग विशेषज्ञ
48, जहांगीराबाद (बदलापुर रोड), जौनपुर-222002
परामर्श का समय प्रात: 10-2 बजे तक (रविवार अवकाश)
इमरजेन्सी परामर्श : प्रतिदिन 24 घण्टा
नि:संतान महिलाएं अवश्य मिलें

पेट, आँत, लीवर, किडनी, ब्रेस्ट, प्रोस्टेट, बच्चेदानी आदि रोग
की सुरक्षित गुणवत्ता पूर्ण एडवांश मेडिकल एवं सर्जिकल इलाज के लिए राष्ट्रीय प्रमाण-पत्र
NABH & ISO द्वारा प्रमाणित अस्पताल
डा. लाल बहादुर सिद्धार्थ



M.B.B.S., M.S. Surgery, F.I.M.S.A., M.I.A.G.E.S.
SR. (Gastro Surgery,) M.I.M.S.A., F.A.I.S., F.I.C.S.
(गैस्ट्रो, लेप्रोस्कोपिक एवं कैंसर सर्जन)
जनता के बेहतर और कल्याण के लिए केन्द्र सरकार की सौगात
आयुष्मान भारत योजना
के अन्तर्गत
5 लाख तक का नि:शुल्क उपचार
गोल्डेन कार्ड प्रतिदिन बनता है
न्यू हेरिटेज
सिद्धार्थ हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशियलिटी साइंस एवं रिसर्च सेन्टर
सुन्दरनगर उमरपुर हरिबंधनपुर, (निकट मैहर देवी मंदिर) जनपद जौनपुर
मो.नं.: 9415315405, 9598725959, 9838259535
Email: siddhathhospitaljnp@gmail.com, siddharthhospital.jaunpur@yahoo.com
बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ

**संस्थापक सम्पादक- स्व. कैलाशनाथ**

तरूणमित्र मीडिया प्रा0लि0 के लिए प्रकाशक योगेन्द्र विश्वकर्मा, मुद्रक एवं सम्पादक **आदर्श कुमार*** द्वारा मीडिया टेक्स्ट प्रा0लि0, रोहनिया जी0टी0 रोड, वाराणसी से मुद्रित एवं 631, उमरपुर हरिबन्धनपुर, जौनपुर से प्रकाशित।

आर.एन.आई पंजीयन सं. 353710/78 (मो0:- 9452984488)

**फोन:-समाचार कक्ष-(05452) 358728, 05452-470147**

E-mail : tarunjnp@rediffmail.com, tarunjaunpur@gmail.com

* इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा उत्पन्न समस्त विवाद जौनपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

मुख्यालय:- 47 धरनीधरपुर, जौनपुर (उ0प्र0)

# 27 घंटे बाद महिला टावर से उतरी

## प्रशासन ने ली राहत की सांस, अपने साथ भोजन और पानी लेकर गई थी महिला

**तरूणमित्र न्यूज**

**सिकंदरपुर ( बलिया )।** सौतन के गांव क्षेत्र के लीलकर में मोबाइल टावर पर चढ़कर हाईवोल्टेज ड्रामा करने वाली बिहारी महिला करीब 27 घंटे के बाद अंतत: बुधवार को अपरान्ह 3 बजे नीचे उतरी। इस गांव की जनता और सौतन के परिवार के लोगों के साथ ही प्रशासन ने राहत की सांस ली है।

बिहारी महिला मंगलवार 9 जून को दोपहर 12 बजे लीलकर आ कर गांव में स्थापित एयरटेल के टावर पर चढ़ गई। वह अपने साथ भोजन व पानी भी ले कर टावर पर चढ़ी हुई थी और पूरी रात को टावर पर ही रही।

महिला अपने कथित प्रेमी सौरभ बिंद को मौके पर बुलाने की मांग करने लगी। बताया जाता है कि उसकी शादी वर्ष 2006 में रामबहादुर बिंद से हुई थी, जो ट्रक चालक होने के कारण अधिकतर समय घर से बाहर रहता है। वहीं महिला का प्रेम सौरभ बिंद से हो गई जिसकी शादी उभांव थाना क्षेत्र के शाहपुर



अफगा में हो चुकी है और वह वर्तमान में बिहार के डेहरी आनसोन में निजी कार्य करता है।

स्थानीय लोगों के अनुसार महिला और सौरभ बिंद के बीच चार वर्षों से संबंध था। सूचना मिलते ही पुलिस टीम डायल 112 के साथ मौके पर पहुंची और विवाहिता को नीचे उतरने के लिए लगातार समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह अपनी मांग पर अड़ी रही। पुलिस ने कई बार फोन कर भी बातचीत कराने की कोशिश की। अंत में महिला के कथित प्रेमी के आने के बाद और फोन से बात करने के बाद लगभग 27 घंटे बाद महिला नीचे उतरी।

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित

**बलिया।** निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, जिला निर्वाचन कार्यालय (पंचायत एवं नगरीय निकाय) तथा अपर जिलाधिकारी श्री अनिल कुमार ने बताया कि जनपद की त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन नामावली का अंतिम प्रकाशन 10 जून 2026 को कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि प्रकाशित निर्वाचक नामावली की प्रतिलिपि जनसाधारण के अवलोकन एवं निरीक्षण के लिए जिला पंचायत कार्यालय, जिला निर्वाचन कार्यालय (पंचायत एवं नगरीय निकाय), जनपद के समस्त तहसील मुख्यालयों, विकासखंड मुख्यालयों तथा संबंधित बीएलओ के पास उपलब्ध रहेगी।

# जबूरना फुटबॉल क्लब ने टाउन क्लब मुहम्मदाबाद को 4-1 से हराया

**तरूणमित्र न्यूज**

**भांवरकोल ( गाजीपुर )।** क्षेत्र के पखनपुरा गांव में मरहूम अब्दुल वाजिद प्रधान मेमोरियल राज्यस्तरीय रात्रि कालीन फुटबॉल का तीसरा मुकाबला जबूरना वर्सेस मुहम्मदाबाद के दरमियान खेला गया। शुरुआती 10 मिनट तक किसी भी टीम ने गोल करने में असमर्थ रहे। 12 वे मिनट में जबूरना के खिलाड़ी रितेश के अच्छे प्रयास से अपने टीम के लिए गोल कर मुकाबला को 1-0 कर दिया। फिर रितेश को दूसरे हाफ के 5 वें मिनट में एक और गोल करके अपनी टीम को 2 -0 में परिवर्तन कर दिया। उसके बाद टाउन क्लब मुहम्मदाबाद के खिलाड़ी 6 नंबर की जर्सी में साजिद खान सातवें मिनट में एक गोल जबूरना पर गोल दाग करके स्कोर 2 -1 कर मुकाबला रोमांचक कर दिया। दोनों ही दिन गोल करने में संघर्ष करती रही इसके साथ ही 12 वे मिनट में एक बार फिर रितेश को



सफल पेनाल्टी किक कर मुकाबला तीन एक कर एक तरफ कर दिया 27 मि 29 मिनट में एक बार फिर जबूरना के 6 नंबर जर्सी में साजिद ने एक और गोल करके मुकाबले को कर एक के 4-1 कर दिया टूर्नामेंट में मुख्य रूप से बद्रुरूदीन खां, जियाउद्दीन खान, साक्षी ट्रेडर्स के अजय राय, वाजिद खान, हफीजुल्लाह सिद्दीकी, सद्दाम खान, मास्टर अनिरुद्ध, कारी साहब, मजीद अब्दुल्लाह सिद्दीकी आदि लोग उपस्थित रहे निर्णायक की भूमिका फरहान, अब्दुल मजीदने निभाई लाइनमैन इरफान और आकिब रहे।

# शिक्षा का अधिकार विषय पर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित



**बलिया।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार तथा माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलिया श्री अनिल कुमार झा के आदेशानुसार बुधवार को एडीआर भवन, दीवानी न्यायालय परिसर बलिया में शिक्षा का अधिकार विषय पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलिया के सचिव (पूर्णकालिक) श्री चन्द्र प्रकाश तिवारी द्वारा किया गया। शिविर को संबोधित करते हुए सचिव ने बताया कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) भारत की संसद द्वारा 4 अगस्त 2009 को पारित किया गया था, जो 1 अप्रैल 2010 से पूरे देश में लागू है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21ए के तहत 6 से 14 वर्ष की आयु के सभी बच्चों के लिए नि:शुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा को मौलिक अधिकार का दर्जा प्रदान किया गया है। उन्होंने बताया कि आरटीई अधिनियम का उद्देश्य प्रत्येक बच्चे को प्राथमिक शिक्षा उपलब्ध कराना है।

अधिनियम की धारा 12(1)(सी) के अनुसार गैर-अल्पसंख्यक निजी गैर-सहायता प्राप्त विद्यालयों में आर्थिक रूप से कमजोर एवं वंचित वर्ग के बच्चों के लिए प्रवेश स्तर की कक्षाओं में कम से कम 25 प्रतिशत सीटें आरक्षित की गई हैं।

# महंगाई के खिलाफ सपाइयों का प्रदर्शन

## पेट्रोलियम की बढ़ी मांगों को लेकर आक्रोश

**तरूणमित्र न्यूज**

**आजमगढ़।** बढ़ती महंगाई और पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में वृद्धि के विरोध में बुधवार को समाजवादी पार्टी के युवा एवं फ्रंटल संगठनों के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। सपा कार्यालय से निकले कार्यकर्ता जुलूस के रूप में कलेक्ट्रेट चौराहे पहुंचे और केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री का पुतला दहन करने का प्रयास किया, जिस पर पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया। इसी दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच नोकझोंक तथा हल्की धक्का-मुक्की की स्थिति उत्पन्न हो गई। कुछ समय के लिए माहौल गर्म रहा, जिसके बाद कार्यकर्ता धरने पर बैठ गए।

सपा नेताओं का कहना था कि वे शांतिपूर्ण तरीके से अपना विरोध दर्ज करा रहे थे, जबकि पुलिस प्रशासन कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाने की बात कह



रहा था। मामले को लेकर दोनों पक्षों के बीच कुछ देर तक बहस भी हुई।

सूचना मिलने पर क्षेत्राधिकारी नगर शुभम तोंदी मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से वार्ता की। अधिकारियों द्वारा बातचीत और आवश्यक आश्वासन दिए जाने के बाद धरना समाप्त कर दिया गया तथा स्थिति सामान्य हो गई। प्रदर्शन में सपा युवजन सभा के जिलाध्यक्ष दुर्गेश यादव, शबनम खातून, गुलाब राजभर, संतोष गौतम, आशीष यादव, अनिल कुमार वर्मा, प्रदीप कुमार यादव, आनंद यादव, प्रवेश मिश्रा, दिनेश मणि उपाध्याय, ऋषभ मौर्य, महावीर गुप्ता, विशाल राय, अशोक राजभर, राजेश विश्वकर्मा, अजीत कुमार राव सहित बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 25 हजार का इनामी गिरफ्तार

**आजमगढ़।** अवैध मदरसे के नाम पर फर्जी दस्तावेज अपलोड कर सरकारी अनुदान प्राप्त करने के प्रयास के मामले में आजमगढ़ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 25 हजार रुपये के इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, मदरसा पोर्टल पर दर्ज मदरसों के सत्यापन के दौरान बड़ी संख्या में संस्थान मानकों के विपरीत पाए गए थे। एसआईटी जांच में मदरसतुल निशां निस्वां आजमगढ़ (मदरसा आईडी-191100693) को अवैध और फर्जी पाया गया। जांच में सामने आया कि मदरसे के भवन, छात्र संख्या और अन्य अभिलेखों से संबंधित गलत जानकारियां पोर्टल पर अपलोड कर शासकीय धनराशि प्राप्त करने का प्रयास किया गया था। इस मामले में मदरसे के प्रबंधक अनीस पुत्र इसहाक के खिलाफ थाना कोतवाली में मुकदमा संख्या 69/2025, धारा 409, 420, 467, 468 और 471 भादवि के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपी की गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने बुधवार को रोडवेज परिसर के पास से आरोपी अनीस (85 वर्ष), निवासी नोनहटा, शाहगंज, जनपद जौनपुर को गिरफ्तार कर लिया।

# बड़े भाई के वार से छोटे भाई की मौत

**तरूणमित्र न्यूज**

**आजमगढ़।** मेंहनाजपुर थाना क्षेत्र के करसड़ा गांव में मंगलवार की शाम संपत्ति विवाद ने ऐसा हिंसक रूप ले लिया कि सगे भाइयों के बीच हुआ झगड़ा एक की मौत पर जाकर खत्म हुआ। घटना के बाद पूरे गांव में सनसनी फैल गई, जबकि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी बड़े भाई को हिरासत में ले लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार करसड़ा गांव निवासी 70 वर्षीय जगदीश विश्वकर्मा पुत्र सुखराम विश्वकर्मा और उनके छोटे भाई ओमप्रकाश विश्वकर्मा पुत्र सुखराम विश्वकर्मा के बीच काफी समय से संपत्ति को लेकर विवाद चला आ रहा था। मंगलवार की शाम दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हुई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार विवाद के दौरान दोनों भाई आपस में उलझ गए। इसी बीच आरोप है कि जगदीश विश्वकर्मा ने पास में रखा बांस का डंडा उठाकर ओमप्रकाश विश्वकर्मा के सिर पर जोरदार वार कर दिया। वार इतना गंभीर था कि ओमप्रकाश लहूलुहान होकर मौके पर ही गिर पड़े। घटना के बाद परिजन और ग्रामीण उन्हें तत्काल उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। गांव में भी घटना को लेकर शोक और तनाव का माहौल बन गया। सूचना मिलने पर महनाजपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मामले पर जानकारी देते हुए क्षेत्राधिकारी लालगंज भूपेश पांडेय ने बताया कि संपत्ति विवाद को लेकर दो भाइयों के बीच मारपीट हुई थी। घटना में घायल ओमप्रकाश विश्वकर्मा की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। आरोपी बड़े भाई जगदीश विश्वकर्मा को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। मामले में साक्ष्यों के आधार पर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# मान्यता के नाम पर रिश्वत लेते बाबू गिरफ्तार



**तरूणमित्र न्यूज**

**आजमगढ़।** भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एंटी करप्शन टीम आजमगढ़ ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में तैनात कनिष्ठ सहायक आकाश यादव को 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पर विद्यालय की मान्यता दिलाने के नाम पर शिकायतकर्ता से घूस मांगने का आरोप है।

जानकारी के अनुसार, एक विद्यालय संचालक से मान्यता संबंधी कार्य कराने के एवज में कनिष्ठ सहायक आकाश यादव द्वारा 10 हजार रुपये की रिश्वत की मांग की जा रही थी। शिकायतकर्ता ने इसकी सूचना एंटी करप्शन संगठन को दी। शिकायत के सत्यापन के बाद टीम ने जाल बिछाया और बुधवार को आरोपी को रिश्वत की रकम लेते समय रंगे हाथ पकड़ लिया। गिरफ्तारी के बाद एंटी करप्शन टीम आरोपी को अपने साथ लेकर आवश्यक पूछताछ और कानूनी कार्रवाई में जुट गई। कार्रवाई की खबर मिलते ही शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया। कार्यालय परिसर में दिनभर इस घटना की चर्चा होती रही।

सूत्रों के मुताबिक, आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। एंटी करप्शन विभाग का कहना है कि सरकारी कार्यालयों में रिश्वतखोरी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी और भ्रष्ट कर्मचारियों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।



## आरआई प्रमोद कुमार गौतम ने संभाला कार्यभार

**आजमगढ़।** संभागीय परिवहन विभाग (आरटीओ) में लंबे समय से रिक्त चल रहे क्षेत्रीय निरीक्षक (आरआई) के पद पर गाजियाबाद से स्थानांतरित होकर आए प्रमोद कुमार गौतम ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है। मूल रूप से देवरिया जनपद के निवासी प्रमोद कुमार गौतम के पदभार ग्रहण करने से विभागीय कार्यों में तेजी आने की उम्मीद जताई जा रही है। कार्यभार ग्रहण करने के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए आरआई प्रमोद कुमार गौतम ने कहा कि विभागीय दायित्वों का निर्वहन पूरी गंभीरता और पारदर्शिता के साथ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाएगा तथा आम जनता को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाएगा।

# चुनाव आयोग भाजपा के हाथों की कठपुतली : डॉ. जनक कुशवाहा

**तरूणमित्र न्यूज**

**गाजीपुर।** राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव एवं मोहम्मदाबाद विधानसभा के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी डॉक्टर जनक कुशवाहा ने कांग्रेस के राज्यसभा प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन का नामांकन पत्र निरस्त किए जाने को लोकतंत्र और संविधान की मूल भावना पर गंभीर आघात बताया है। डॉ जनक कुशवाहा ने कहा कि यह केवल एक राजनीतिक दल या उम्मीदवार का मामला नहीं है, बल्कि देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था, चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता तथा संवैधानिक संस्थाओं की विश्वसनीयता से जुड़ा विषय है। भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और यहां की लोकतांत्रिक व्यवस्था निष्पक्ष चुनाव, स्वतंत्र संस्थाओं तथा समान अवसर के सिद्धांतों पर आधारित है। यदि किसी प्रमुख विपक्षी उम्मीदवार का नामांकन तकनीकी या प्रशासनिक आधारों पर निरस्त किया जाता है तो इससे लोकतांत्रिक प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता को लेकर स्वाभाविक रूप से प्रश्न खड़े होते हैं। जनता के मन में यह धारणा नहीं बननी चाहिए कि लोकतांत्रिक संस्थाएं किसी दबाव या प्रभाव में कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि राज्यसभा चुनाव जैसी महत्वपूर्ण संवैधानिक प्रक्रिया में सभी राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों को समान अवसर मिलना चाहिए। लोकतंत्र की खूबसूरती इसी में है कि राजनीतिक मतभेद होने के बावजूद सभी दलों को निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा का अवसर प्राप्त होना चाहिए। यदि विपक्ष के मजबूत उम्मीदवारों को चुनावी प्रक्रिया से बाहर करने की स्थिति उत्पन्न होती है तो यह लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए चिंताजनक संकेत है। मा मीनाक्षी नटराजन देश की एक अनुभवी, संघर्षशील और स्वच्छ छवि वाली नेता हैं। उन्होंने सांसद रहते हुए क्षेत्रीय विकास, महिला सशक्तिकरण, किसानों के हितों, आदिवासी समुदाय के अधिकारों तथा सामाजिक न्याय के मुद्दों को मजबूती से उठाया है। सार्वजनिक जीवन में उनकी पहचान एक गंभीर, ईमानदार और जनहितैषी नेता के रूप में रही है। ऐसे में उनका नामांकन निरस्त होना केवल एक राजनीतिक घटना नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक भागीदारी के अधिकार



पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करने वाली स्थिति है।

संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर ने जिस लोकतांत्रिक व्यवस्था की कल्पना की थी, उसका मूल आधार निष्पक्षता, समान अवसर और संस्थाओं की स्वतंत्रता था।

लोकतंत्र केवल सत्ता प्राप्त करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह विचारों की विविधता, असहमति के सम्मान और जनता की भागीदारी पर आधारित व्यवस्था है। यदि किसी भी स्तर पर राजनीतिक प्रतिस्पर्धा को प्रभावित करने का प्रयास किया जाता है तो लोकतंत्र की आत्मा कमजोर होती है। उन्होंने मांग की कि मीनाक्षी नटराजन के नामांकन निरस्तीकरण से जुड़े पूरे मामले की निष्पक्ष, पारदर्शी और तथ्यपरक समीक्षा की जाए तथा सभी संबंधित तथ्यों को सार्वजनिक किया जाए, ताकि लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर जनता का विश्वास कायम रह सके। लोकतंत्र की रक्षा केवल राजनीतिक दलों का दायित्व नहीं, बल्कि प्रत्येक जागरूक नागरिक की जिम्मेदारी है। संविधान और लोकतांत्रिक संस्थाओं की गरिमा को बनाए रखना हम सभी का कर्तव्य है।

चुनाव आयोग भाजपा के इशारों पर काम कर रहा है एक तरफ मध्य प्रदेश में सुश्री मीनाक्षी नटराजन जी का पर्चा बिना तर्क के खारिज किया जा रहा है जबकि दूसरे तरफ झारखंड में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी मरिमल नाथवानी पर तीन-तीन गंभीर आरोप दर्ज है परंतु इसका पर्चा बैध हो जाता है यह स्पष्ट होता है कि चुनाव आयोग इस समय भाजपा की कठपुतली बन गई है।

## अपहृता को सकुशल बरामद कर अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सिकंदरपुर ( बलिया )।** पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह द्वारा अपराध एवं अपराधियों/वांछित/फरार/वारण्टी अभियुक्तों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे सघन अभियान में अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सिकन्दरपुर के निकट पर्यवेक्षण व थानाध्यक्ष मिथिलेश कुमार के कुशल नेतृत्व में पकड़ी पुलिस टीम को मिली बड़ी सफलता। बुधवार को पकड़ी पुलिस टीम के उ0नि0 श्रवण कुमार सिंह मय हमराह देखभाल क्षेत्र, पेण्डिंग विवेचना में मामूर थे कि मुखबीर खास की सूचना पर थाना पकड़ी जनपद बलिया पर पंजीकृत मु0अ0सं0 33/2026 धारा 137(2), 87, 64(1) BNS व 3/4 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित 01 नफर अभियुक्त सचिन रजक पुत्र गुड्डू रजक निवासी ग्राम पकड़ी, थाना पकड़ी, जनपद बलिया को पकड़ी तिराहा को समय 06.30 बजे नियमानुसार हिरासत पुलिस में लेकर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए गिरफ्तारशुदा अभियुक्त का चालान मा0 न्यायालय किया गया एवं अभियुक्त के कब्जे से अपहृता को सकुशल बरामद कर नियमानुसार विधिक पूर्ण कर उसके परिजनों को सुपुर्द किया गया।

# मछली पकड़ने वालों को चेतावनी, होगी कार्रवाई : डीएम

**तरूणमित्र न्यूज**

**बलिया।** जिला मजिस्ट्रेट मंगला प्रसाद सिंह ने जनपद की नदियों, जलाशयों एवं जलधाराओं में मत्स्य संरक्षण और प्रजनन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। यह आदेश जनपद बलिया की सीमा में स्थित सभी सार्वजनिक जलाशयों, नदियों एवं जलधाराओं पर प्रभावी होंगे, जिन्हें व्यक्तिगत अथवा धार्मिक श्रेणी में घोषित नहीं किया गया है। जारी आदेश के अनुसार कोई भी व्यक्ति विस्फोटक पदार्थ, कृषि रक्षा रसायनों अथवा अन्य विषैले रसायनों का उपयोग कर मछली नहीं पकड़ सकेगा और न ही ऐसा करने का प्रयास करेगा।

डीएम ने निर्देश दिया है कि 15 जुलाई से 30 सितंबर तक मत्स्य जीरा एवं अंगुलिका (2 से 10 इंच आकार की मछलियां) को पकड़ना, नष्ट करना अथवा बेचना प्रतिबंधित रहेगा। इसी प्रकार 15 जून से 30 जुलाई तक प्रजननशील मछलियों के शिकार, विनाश एवं बिक्री पर भी रोक रहेगी। हालांकि, मत्स्य विभाग बलिया द्वारा जारी वैध लाइसेंस धारकों को नियमानुसार छूट प्राप्त होगी। शासनादेश दिनांक 25 सितंबर 2023 के तहत श्रेणी-1 से 4 तक के सभी जलाशयों तथा श्रेणी-5 के उन जलाशयों, जो नदियों या नहरों जैसे बहते जलस्रोतों से जुड़े हैं, में 1 जुलाई से 31 अगस्त तक मत्स्य आखेट पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा।

इसके अतिरिक्त नदियों में मत्स्य आखेट संबंधी शासनादेश के अनुसार प्रत्येक वर्ष 1 जून से 31 अगस्त तक मछली पकड़ने पर पूर्ण प्रतिबंध लागू रहेगा। जिलाधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया है कि कोई भी व्यक्ति प्राकृतिक जल प्रवाह को रोकने के लिए किसी प्रकार का अवरोध नहीं लगाएगा।

अवरोध लगाकर मत्स्य जीरा, अंगुलिका अथवा मछलियां पकड़ने, नष्ट करने या ऐसा प्रयास करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। ऐसे मामलों में अवरोधक सामग्री, पकड़ी गई मछलियां एवं मत्स्य जीरा जब्त कर लिया जाएगा। डीएम ने चेतावनी दी है कि आदेशों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध उत्तर प्रदेश मत्स्य अधिनियम 1948 के तहत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने सभी मत्स्य पालकों, मछुआरों और आम नागरिकों से आदेशों का पालन करने तथा मत्स्य संसाधनों के संरक्षण में सहयोग करने की अपील की है।

## विद्युत आपूर्ति व शिकायत निस्तारण में लापरवाही पर कार्रवाई, जेई निलंबित

**बलिया।** मुख्य अभियंता, आजमगढ़ क्षेत्र द्वारा मंगलवार को कृषि भवन, बलिया में विद्युत आपूर्ति, राजस्व वसूली, जन शिकायतों, वीआईपी प्रकरणों, बिजनेस प्लान तथा सांसद एवं विधायक निधि से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद के सभी अवर अभियंता, उपखंड अधिकारी, अधिशासी अभियंता, अधीक्षण अभियंता एवं कार्यकारी सहायक उपस्थित रहे। समीक्षा के दौरान मुख्य अभियंता ने 1912 हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण, उपभोक्ताओं के फोन कॉल का उत्तर देने तथा निर्धारित शेड्यूल के अनुसार विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही क्षतिग्रस्त विद्युत परिवर्तकों को निर्धारित समय सीमा में बदलने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में शिकायतों के निस्तारण एवं परिवर्तक बदलने के कार्य में लापरवाही पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की गई। उपखंड अधिकारी सिकंदरपुर को आरोप पत्र जारी किया गया, जबकि अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड बांसडीह को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। इसके अलावा अवर अभियंता सिकंदरपुर (ग्रामीण) को निलंबित कर दिया गया तथा संबंधित कार्यकारी सहायक को भी आरोप पत्र निर्गत किया गया। मुख्य अभियंता ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

## वित्तीय अनियमितता में प्रधान एवं दो सचिवों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**बलिया।** विकास खण्ड सियर अंतर्गत ग्राम पंचायत हल्दीरामपुर में वित्तीय अनियमितताओं संबंधी शिकायतें प्राप्त हुई थीं, जिनमें आरोप लगाया गया था कि ग्राम पंचायत के प्रधान द्वारा संबंधित ग्राम पंचायत सचिवों के साथ मिलीभगत कर बिना कार्य कराए ही विभिन्न मदों में भुगतान कर दिया गया है। प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी द्वारा सहायक निदेशक, मत्स्य विभाग की अध्यक्षता में एक जांच समिति गठित कर जांच कराई गई। इसके अतिरिक्त, उप लोकायुक्त के समक्ष प्रस्तुत शिकायत के क्रम में पृथक रूप से जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी द्वारा भी जांच संपादित की गई। दोनों जांचों में यह तथ्य प्रकाश में आया कि ग्राम पंचायत में लगभग 15 लाख की धनराशि का भुगतान बिना कार्य कराए ही कर दिया गया था। जांच रिपोर्टों में तत्कालीन प्रधान एवं संबंधित ग्राम पंचायत सचिवों को उक्त वित्तीय अनियमितता के लिए पूर्णत: उत्तरदायी पाया गया।

नि:सन्तान दम्पत्ति निराश न होवें
बाँझपन के सर्वोत्तम इलाज के लिए
शकुन्तला आईवीएफ सेन्टर
सेवा का अवसर दें
निवेदक
डा0 रामअवध यादव
डा0 शकुन्तला यादव
डा0 आनन्द वर्द्धन
डा0 अन्शु कुमारी
पचहटिया, आजमगढ़ रोड, जौनपुर
Mob.: 8931931199, 9918905642

